■ उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी...


# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष–10 अंक–3

पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 17 फरवरी, 2025



महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं

शहर के कब्रिस्तानों से अवैध कब्जा हटाने की मांग 7

प्रेमिका के पिता ने पीटा तो युवक ने लगाई फांसी, पहले प्रेमी ने भी की थी आत्महत्या 8

## दिल्ली भगदड़ पर गुस्साया विपक्ष, जमकर की मोदी सरकार और रेलवे की आलोचना

नई दिल्ली। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शनिवार रात भगदड़ मच गई, जिसमें 18 लोगों की मौत हो गई और 12 से ज़्यादा लोग घायल हो गए। सूत्रों का कहना है कि प्रयागराज जाने वाली ट्रेन के प्लैटफ़ॉर्म में बदलाव की गलत घोषणा से भ्रम की स्थिति पैदा हुई, जिसके कारण भगदड़ मची। अब इस घटना को लेकर विपक्ष ने मोदी सरकार पर हमला बोला है।

विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में 18 लोगों की मौत पर सरकार और रेलवे की आलोचना की है। उन्होंने एक्स पर लिखा, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मचने से कई लोगों की मृत्यु और कईयों के घायल होने की ख़बर अत्यंत दुखद और व्यथित करने वाली है। शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की आशा करता हूं। यह घटना एक बार फिर रेलवे की नाकामी और सरकार की असंवेदनशीलता को उजागर करती है। प्रयागराज जा रहे श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए स्टेशन पर बेहतर इंतजाम किए जाने चाहिए थे। सरकार और प्रशासन को सुनिश्चित करना चाहिए कि बदइंतजामी और लापरवाही के कारण किसी को अपनी जान न गंवानी पड़े।

**प्रियंका गांधी वाड्रा ने क्या कहा?**

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने भगदड़ में हुई मौतों पर शोक जताया। उन्होंने कहा, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भीड़ के कारण मची भगदड़ में महिलाओं और बच्चों समेत कई लोगों की मौत की खबर बेहद दुखद है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।



**राघव चड्ढा ने क्या कहा?**

आप नेता राघव चड्ढा ने कल नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ में कम से कम 18 लोगों की मौत के बाद भीड़ नियंत्रण उपायों की कमी को लेकर रेलवे अधिकारियों की आलोचना की है। उन्होंने कहा, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई दुखद भगदड़ ने हम सभी को झकझोर कर रख दिया है। महिलाओं और बच्चों सहित कई निर्दोष लोगों की जान चली गई है। यह आपदा घोर कुप्रबंधन और भीड़ नियंत्रण उपायों की कमी का एक ज्वलंत उदाहरण है। 11 फरवरी को, मैंने संसद में यह मुद्दा उठाया था, रेलवे स्टेशनों पर बेहतर प्रबंधन प्रोटोकॉल की तत्काल आवश्यकता के बारे में चेतावनी दी थी, लेकिन सरकार ने इसे नजरअंदाज कर दिया। पीड़ितों के परिवारों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए, और भविष्य में ऐसी त्रासदियों को रोकने के लिए तत्काल सुधार आवश्यक हैं।

**अरविंद केजरीवाल ने जताया शोक**

अरविंद केजरीवाल ने भगदड़ में हुई मौतों पर शोक जताया। उन्होंने कहा, नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे में महाकुंभ में जा रहे श्रद्धालुओं की दुखद मौत बेहद दुखद और दर्दनाक है। भगवान उनकी आत्मा को शांति दे। हादसे में अपने प्रियजनों को खोने वाले सभी परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं।

**चौंकाने वाली घटनाः केसी वेणुगोपाल**

कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ को चौंकाने वाला और बेहद दुखद बताया है। उन्होंने कहा, जो दृश्य सामने आए हैं, वे भयावह हैं और बड़ी आपदा की ओर इशारा करते हैं। मैं निर्दोष पीड़ितों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। उन्होंने केंद्र सरकार पर हमला करते हुए कहा, केंद्र सरकार की प्रत्यक्ष निगरानी में राष्ट्रीय राजधानी में इस तरह की आपदा होना दर्शाता है कि सरकार पूरी तरह से अक्षम है और केवल जनसंपर्क करने में सक्षम है, वास्तविक प्रबंधन नहीं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने स्थिति को कमतर आंकने की कोशिश की है और जानना चाहा है कि हताहतों की संख्या की घोषणा कब की जाएगी। उन्होंने जानना चाहा, भीड़ नियंत्रण उपाय क्यों नहीं किए गए? रेलवे ने विशेष ट्रेनें क्यों नहीं चलाईं।

## नई दिल्ली स्टेशन हादसा रेलवे की बड़ी नाकामी, कांग्रेस ने मांगा रेल मंत्री से इस्तीफा





नई दिल्ली। कांग्रेस पार्टी ने शनिवार को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे को सीधे तौर पर रेलवे की नाकामी करार देते हुए रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से इस्तीफा मांगा है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि इस दुखद घटना के पीड़ितों के आंकड़ों को रेलवे प्रशासन छिपा रहा है।

कांग्रेस मुख्यालय पर पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने रविवार को पत्रकार वार्ता के दौरान आरोप लगाया कि सरकार हादसे के समय राहत और बचाव कार्यों की बजाय लीपा-पोती में लगी थी। उन्होंने कहा कि हादसे की दुखद घटना को स्वीकार करने की बजाय आंकड़ों को छुपाया जा रहा था। नई दिल्ली रेल हादसा सीधे तौर पर प्रशासनिक व्यवस्था की नाकामी है। श्रीनेत ने कहा कि आश्चर्य की बात है कि हादसे से कुछ देर पहले ही रेलवे की सुरक्षा समीक्षा बैठक हुई थी। क्या यह केवल औपचारिकता भर थी। दूसरी ओर हादसे के पहले हर घंटे 1500 से अधिक प्लेटफार्म टिकट बिक रहे थे। क्या प्रशासन को अंदाजा नहीं था कि इतनी भीड़ आने वाली है।

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि रेलवे प्रशासन की नाकामी के कारण आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक दम घुटने से 18 लोगों की मौत हो गई, जिसमें 9 महिलाएं, 4 पुरुष और 5 बच्चे शामिल हैं। हादसे के चश्मदीदों की बातें सुनकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुलियों ने शवों को लाद-लादकर बाहर निकाला। वहां पुलिस प्रशासन और एंबुलेंस की व्यवस्था तक नहीं थी।

## अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे अप्रवासी भारतीयों को लेकर दूसरा विमान भारत लौटा

चंडीगढ़। अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे अप्रवासी भारतीयों को लेकर शनिवार देर रात अमेरिकी सेना का दूसरा विमान अमृतसर पहुंचा।

भारतीयों के दूसरे दल की वापसी को लेकर किसी ने आधिकारिक जानकारी नहीं दी है लेकिन बताया जा रहा है कि इस विमान से 116 भारतीय नागरिक अपने देश वापस लौटे हैं।

अमेरिकी सेना का विमान शनिवार रात 11.40 बजे अमृतसर एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। इसके बाद करीब तीन घंटे तक कागजी कार्यवाही की गई।

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पिछले दो दिनों से अमृतसर में हैं और पंजाब सरकार द्वारा अमेरिका से आने वाले भारतीयों के स्वागत का प्रबंध किया गया था। इसके बावजूद देर रात जब जहाज अमृतसर में लैंड हुआ तो मुख्यमंत्री भगवंत मान की बजाए पंजाब के एनआरआई मंत्री कुलदीप धालीवाल, कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ईटीओ यहां मौजूद थे। केंद्रीय रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू भी शनिवार रात यहां पहुंचे थे लेकिन वापस चले गए। गैर सरकारी सूत्रों के अनुसार निर्वासित लोगों में पंजाब से 65, हरियाणा से 33, गुजरात से 8, उत्तर प्रदेश, गोवा, महाराष्ट्र और राजस्थान से 2-2 और हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर से एक-एक व्यक्ति शामिल हैं।

## नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में 18 लोगों की मौत अत्यंत हृदयविदारकः ममता



कोलकाता। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मची भगदड़ में लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया और लोगों की सुरक्षा के लिए सावधानीपूर्वक योजना और प्रबंधन की आवश्यकता पर जोर दिया। राष्ट्रीय राजधानी के इस भीड़भाड़ वाले रेलवे स्टेशन पर शनिवार देर रात मची भगदड़ में कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई और एक दर्जन से अधिक घायल हो गए। ममता ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, दिल्ली (नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन) भगदड़ में 18 लोगों की दुखद मौत अत्यंत हृदयविदारक है। यह दर्दनाक घटना सावधानीपूर्वक योजना और प्रबंधन के महत्व को उजागर करती है, खासकर जब बात नागरिकों की सुरक्षा की हो।

उन्होंने कहा, महाकुंभ जाने वाले तीर्थयात्रियों को उचित सहायता और सुविधाएं मिलनी चाहिए, न कि परेशानी होनी चाहिए। यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि ऐसी यात्राएं सुरक्षित और सुव्यवस्थित हों। ममता ने कहा, शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं और मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करती हूं।

## भारत-बांग्लादेश सीमा पर बीएसएफ की बड़ी कार्रवाई, तीन करोड़ रुपये के सोने के साथ तस्कर गिरफ्तार

कोलकाता। भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करी रोकने के लिए बीएसएफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में दक्षिण बंगाल सीमांत की 143वीं वाहिनी के सतर्क जवानों ने उत्तर 24 परगना जिले में सोने की तस्करी की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया। बीएसएफ ने सीमा चौकी बिठारी के पास एक तस्कर को रंगेहाथों पकड़ लिया, जो 25 सोने के बिस्कुट लेकर बांग्लादेश से भारत में घुसने की कोशिश कर रहा था। जब्त सोने का कुल वजन 3.420 किलोग्राम है और इसकी बाजार में अनुमानित कीमत ?2.95 करोड़ से अधिक आंकी गई है।

बीएसएफ सूत्रों के अनुसार, 14 फरवरी को सीमा चौकी बिठारी के जवानों को गुप्त सूचना मिली कि एक तस्कर मोटरसाइकिल के जरिए सोने की खेप लेकर भारत में प्रवेश करने वाला है। सूचना मिलते ही बीएसएफ ने इलाके में निगरानी बढ़ा दी और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के लिए विशेष घात लगाया। शाम करीब 4ः45 बजे जब एक संदिग्ध मोटरसाइकिल सवार बिठारी कैंप के पास पहुंचा, तो जवानों ने उसे रोक लिया। मोटरसाइकिल के तेल टैंक के नीचे छिपाकर रखे गए 25 सोने के बिस्कुट मिले। जवानों ने तुरंत सोने को जब्त कर तस्कर को हिरासत में ले लिया और आगे की पूछताछ के लिए उसे बीओपी बिठारी ले जाया गया।

पूछताछ में गिरफ्तार तस्कर ने कबूल किया कि वह उत्तर 24 परगना जिले के पदमविला गांव का निवासी है और पिछले दो महीने से बांग्लादेशी तस्करों के संपर्क में था। उसे सोने की यह खेप बिठारी बाजार के पास एक निर्दिष्ट स्थान पर छोड़नी थी, जिसके बदले उसे मात्र ?1500 मिलने वाले थे। लेकिन बीएसएफ की सतर्कता के चलते उसकी योजना ध्वस्त हो गई और वह मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया। बीएसएफ दक्षिण बंगाल सीमांत के जनसंपर्क अधिकारी, डीआईजी एन.के. पांडे ने बताया कि बीएसएफ सीमा पर तस्करी और अवैध घुसपैठ को रोकने के लिए लगातार कड़े कदम उठा रही है। तस्कर नए-नए तरीके अपनाकर सुरक्षा व्यवस्था को भेदने की कोशिश कर रहे हैं।

## मणिपुरः चुराचांदपुर में 7 संदिग्ध केएनए विद्रोही गिरफ्तार, हथियार व गोला-बारूद बरामद



चुराचांदपुर (मणिपुर)। सुरक्षा बलों ने मणिपुर के सांगईकोट थाना क्षेत्र के ओल्ड खाऊकुआल गांव के दक्षिणी इलाके में एक विशेष अभियान चलाया। इस दौरान 7 संदिग्ध केएनए (कुकी नेशनल आर्मी) कैडरों को हथियार और गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सैखोगिन हाओकिप (37), डामलेन्मांग मेटे (25), सैखोमांग हाओकिप (25), थंगलमांग हाओकिप (27), जामखोसेई हाओकिप (32), लुंकोलाल खोंगसाई (34) और मंगखांगथांग किपजेन (35) के रूप में हुई है।

बरामद सामान में 02 एके-47 राइफल, एक 7.62 असॉल्ट राइफल, तीन सिंगल बोर राइफल, 10 एके-47 मैगजीन, 654 जिंदा कारतूस (7.62 मिमी), 19 सिंगल बोर कारतूस, छह मोबाइल फोन, तीन बाओफेंग रेडियो सेट, चार पावर बैंक, एक डायनेमो और बैटरी, तीन खुकरी, तीन मैगजीन पाउच, चार कंधे पर टांगने वाले बैग, एक टॉर्च और एक चार पहिया वाहन (मारुति जिप्सी) शामिल हैं।

सुरक्षा बलों ने सभी आरोपितों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। आशंका है कि वे किसी बड़ी साजिश में शामिल थे।

## नोएडा में अवैध रूप से रह रहे आठ बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

उत्तर प्रदेश के नोएडा के सेक्टर 39 थानाक्षेत्र में पुलिस ने बृहस्पतिवार शाम को अवैध रूप से रह रहे आठ बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस ने खुफिया सूचना के आधार पर सलारपुर गांव के पास से आठ बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार नागरिकों के नाम मोहम्मद फखरुद्दीन उर्फ रोनी (20), रिहान (22), मोहम्मद मोमीन (23), मोहम्मद कामरुल (18), मोहम्मद क्यूम उर्फ रिपोन (24), रविउल इस्लाम (24), रासिल (19) तथा सोहेल राणा (20) हैं, जो बांग्लादेश के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने छह फर्जी आधार कार्ड एवं एक फर्जी पैन कार्ड बरामद किया है।

## प्रयागराज महाकुंभ मेला क्षेत्र में नहीं होगी गाड़ियों की एंट्री, गलत सूचना फैलाने वालों पर एक्शन



उत्तर प्रदेश के प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार देर रात पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज महाकुंभ में माघी पूर्णिमा के अवसर पर होने वाले अमृत स्नान की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों के साथ बैठक में सुरक्षा, स्वच्छता और यात्रियों की सुविधा के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। महाकुंभ में 12 फरवरी को माघी पूर्णिमा का पांचवां स्नान होगा। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री ने बेहतर यातायात प्रबंधन और भीड़ नियंत्रण के लिए विशेष योजना लागू करने का आदेश दिया है।

सरकार ने बताया है कि सोमवार देर रात वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक में, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की है। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए और तैयारियों को और मजबूत बनाने के लिए कहा। उत्तर प्रदेश के कई जिलों के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों को महाकुंभ के दौरान सुरक्षा और व्यवस्था के लिए दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। इन जिलों में प्रयागराज, कानपुर, वाराणसी, अयोध्या और लखनऊ शामिल हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बीते सप्ताह प्रयागराज में आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ी है। सार्वजनिक परिवहन के साथ बड़ी संख्या में निजी वाहन भी आए है। स्नान पर्व पर ये संख्या अधिक बढ़ सकती है। इस दौरान सुरक्षा अच्छी हो इसके लिए यातायात और भीड़ को मैनेज करने के लिए योजना लागू करने की बात कही गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे भ्रामक या गलत सूचना फैलाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। उन्होंने कहा है कि जनता को तुरंत सटीक जानकारी देना सुनिश्चित किया जाए, ताकि किसी भी भ्रम या घबराहट को रोका जा सके।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि महाकुंभ में 5 लाख से अधिक वाहनों की पार्किंग क्षमता का पूरा उपयोग किया जाए। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा है कि नियमों का उल्लंघन करके किसी भी वाहन को मेला परिसर में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। मेला क्षेत्र में आने वाले बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों का पूरा सहयोग किया जाएगा।

बी पी एस न्यूज परिवार की ओर से सभी देशवासियों को

महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं





सम्पादक (बी.पी.साहू)

मो.8423454502,

व्हाटसअप 335908846

बी पी एस न्यूज लेटेस्ट खबरें पढ़ने व देखने के लिए लॉगिन करें

www.bpsnews.in

## संपादकीय

### टैरिफ का कारोबार

यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि अमेरिका की नीतियां 'अमेरिका से शुरू होकर अमेरिका' पर ही समाप्त हो जाती हैं। दूसरी बार सत्ता में आए ट्रंप ने जिस आक्रामक तरीके से कनाडा, मैक्सिको व चीन आदि पर टैरिफ लगाए हैं, वैसी आक्रामकता उन्होंने भारत के प्रति नहीं दिखायी। हाल में व्हाइट हाउस में संपन्न प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप की बातचीत कई मायनों में सकारात्मक रही। उसमें किसी तरह की तल्खी नजर नहीं आई। यह निर्विवाद सत्य है कि अमेरिका हमेशा अपने कारोबारी हितों को ही प्राथमिकता देता है। इस मुलाकात में यही नजर आया कि ट्रंप दोनों देशों के व्यापार संतुलन का पलड़ा अमेरिका के पक्ष में करने को कटिबद्ध है। इस मुलाकात में उन्होंने टैरिफ का मुद्दा भी उठाया और व्यापार घाटे को कम करने के लिये अधिक तेल, गैस और सैन्य साजो-सामान खरीदने की जिम्मेदारी भारत पर डाल दी। दरअसल, भारत कुछ उन देशों में शामिल हैं जिनके साथ व्यापार का पलड़ा अमेरिका के पक्ष में नहीं है। यही वजह है कि ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी की तारीफ तो की, लेकिन साथ ही भारत में अमेरिकी सामान पर तर्कसंगत कर लगाने की बात भी कही। यदि ट्रंप की मौजूदा नीतियां सिरे चढ़ी तो व्यापार की परिस्थितियां अमेरिका के अनुकूल भी हो सकती है। ट्रंप ने मोदी को अपनी तुलना में बेहतर सख्त वार्ताकार बताया। दोनों नेताओं ने वर्ष 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दुगना करने तथा लाभप्रद व्यापार समझौते के लिये बातचीत करने का संकल्प भी जताया। भविष्य में व्यापार समझौता अमेरिका के पक्ष में न झुके, इसमें पीएम मोदी के कूटनीतिक कौशल की परीक्षा भी होनी है। यहां उल्लेखनीय है कि मोदी-ट्रंप मुलाकात में रक्षा और सुरक्षा क्षेत्र में बातचीत सकारात्मक रही। दोनों देशों ने एक दस वर्षीय रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए। जिसमें प्रमुख हथियारों और प्लेटफार्मों के सह-उत्पादन को आगे बढ़ाने की महत्वाकांक्षी योजना का मार्ग प्रशस्त किया गया। वहीं दूसरी ओर यदि भारत को अमेरिकी एफ-35 स्टील्थ लड़ाकू विमानों की प्रस्तावित आपूर्ति परवान चढ़ती है तो पड़ोसी देशों की बेचैनी और बढ़ जाएगी।इस यात्रा के दौरान महत्वपूर्ण घोषणा यह भी रही है कि 26/11 के साजिशकर्ता तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे दी गई है। यह पाकिस्तान को चेतावनी भी है कि वह अपनी जमीन से आतंकवादियों को सीमापार आतंकी हमलों को अंजाम देने में मदद बंद करे। अब इस्लामाबाद पर मुंबई और पठानकोट के आतंक हमलों के साजिशकर्ताओं को सजा देने का दबाव भी बढ़ जाएगा। निस्संदेह, ट्रंप का 'टैरिफ आतंकवाद' निगलने वाली कड़वी गोली हो सकती है, लेकिन भारत की रक्षा तैयारियों में अमेरिका की बड़ी भूमिका एक आकर्षक प्रस्ताव होगा। हालांकि, ट्रंप ने भारत पर टैरिफ को लेकर कोई सीधी घोषणा तो नहीं की लेकिन यह जरूर कहा कि जितना टैरिफ अन्य देश अमेरिकी सामान पर लगाते हैं, अमेरिका भी उसी अनुपात में टैरिफ लगाएगा। उल्लेखनीय है कि जिस समय पीएम मोदी अमेरिका यात्रा के लिये निकले।

# दवाएं प्रभावी बनाने को हो पर्यावरणीय कारकों की पहचान

**अनुसंधान प्रयोगशालाओं में वैज्ञानिक मास स्पेक्ट्रोमीटर नामक उपकरणों का उपयोग करके एक साथ हजारों अणुओं की उपस्थिति का पता लगा सकते हैं। इस प्रकार वैज्ञानिक किसी दिए गए नमूने में मौजूद सभी कीटनाशकों, प्लास्टिसाइज़र (प्लास्टिक को नरम बनाने वाले रसायन), प्लास्टिक, प्रदूषण और अन्य रसायनों की पहचान कर सकते हैं। सही व्यक्ति को सही समय पर सही दवा देने के लिए उन पर्यावरणीय कारकों की बेहतर समझ की आवश्यकता है जो दवाओं के काम करने के तरीके को प्रभावित करते हैं। वैज्ञानिक एक ऐसे भविष्य की कल्पना कर रहे हैं जहां एक डॉक्टर आपके आनुवंशिक और पर्यावरणीय इतिहास का उपयोग करके सबसे अच्छा दवा उपचार निर्धारित कर सकेगा जो शुरू से ही आपके लिए कारगर होगा ।**




हमारे व्यक्तित्व पर जीन के साथ ही पर्यावरण का गहरा प्रभाव है। इनसे स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है क्योंकि आसपास मौजूद रसायन दवाओं के असर में हस्तक्षेप करते हैं। व्यक्ति को उपयुक्त दवा देने के लिए पर्यावरणीय कारकों की बेहतर समझ की आवश्यकता है ताकि दवा अपने तरीके से निर्बाध काम कर सके।

आपको यह सुनकर जरूर आश्चर्य होगा कि हमारे पर्यावरण में मौजूद रसायन दवाओं के असर में हस्तक्षेप करते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि इन रसायनों की पहचान करने से दवाइयों को बेहतर तरीके से काम करने में मदद मिल सकती है।आपके जीन आपकी ऊंचाई, बालों और आंखों के रंग और त्वचा की रंगत को निर्धारित करने में एक प्रमुख भूमिका निभाते हैं, लेकिन वे आपकी पूरी कहानी नहीं बताते हैं। आपके व्यक्तित्व, आपकी पसंद और नापसंद और आपके स्वास्थ्य को आकार देने में आपका पर्यावरण अविश्वसनीय रूप से महत्वपूर्ण है। वास्तव में, आपके ऊपर आपके आहार, सामाजिक संपर्क, प्रदूषण से संपर्क, शारीरिक गतिविधि और और शिक्षा के प्रभाव अक्सर आनुवंशिकी के प्रभावों और अन्य विशेषताओं से अधिक होते हैं जो आपको परिभाषित करती हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि यदि हम पता लगा लें कि आपके जीन और पर्यावरण अस्थमा, हृदय रोग, कैंसर, डिमेंशिया और अन्य दशाओं के विकास की संभावना को कैसे बढ़ाते हैं, तो चिकित्सा के तौर-तरीकों में एक बड़ा बदलाव आ सकता है। जीनोमिक्स विज्ञान का एक तेजी से उभरता हुआ क्षेत्र है। यह जीव विज्ञान की एक शाखा है जो जीनोम के अध्ययन से संबंधित है। जीनोम एक जीव के डीएनए का पूरा सेट होता है, जिसमें उसके सभी जीन और अन्य डीएन।ए सीक्वेंस शामिल होते हैं।

जीनोमिक्स में जीनोम की संरचना, कार्य और विकास का अध्ययन किया जाता है। इसमें जीनों की पहचान, उनके कार्यों का विश्लेषण और जीनोमिक डेटा के विश्लेषण के लिए कंप्यूटर तकनीकों का उपयोग शामिल है। जीनोमिक्स का उपयोग करके नई दवाओं और उपचारों का विकास किया जा सकता है। जीनोमिक्स का उपयोग करके फसलों की उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है। पारिस्थितिकी जीनोमिक्स का उपयोग करके पारिस्थितिक तंत्र की समझ में सुधार किया जा सकता है। जीनोमिक्स के क्षेत्र ने बीमारी के जोखिम से जुड़ी आनुवंशिक विविधताओं की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए अस्पताल और घर दोनों में परीक्षण करना अपेक्षाकृत सरल बना दिया है। हाल के वर्षों में, विज्ञान कई बीमारियों के जोखिम को बढ़ाने वाले पर्यावरणीय अपराधियों को ट्रैक करने और आपके व्यक्तिगत पर्यावरणीय जोखिमों के आधार पर उपचारों को अनुकूलित करने के तरीकों की पहचान करने में प्रगति कर रहा है। जीनोमिक्स के साथ ही एक्सपोसोमिक्स भी एक उभरता हुआ विज्ञान है जो आपके जीव विज्ञान को प्रभावित करने वाले सभी भौतिक, रासायनिक, जैविक और सामाजिक कारकों का अध्ययन करता है।एक्सपोसोम दरअसल एक अवधारणा है जिसमें आपके सभी पर्यावरणीय जोखिम शामिल होते हैं। जैसे शोधकर्ता जीनोमिक्स का अध्ययन करने के लिए डीएनए सीक्वेंसर का उपयोग करते हैं, वैसे ही एक्सपोसोमिक्स में वैज्ञानिक स्वास्थ्य पर हजारों पर्यावरणीय कारकों के प्रभावों को मापने के लिए रसायन विज्ञान और उच्च तकनीक वाले सेंसर का उपयोग करते हैं। हम जानते हैं कि दवाएं हमेशा काम नहीं करतीं। कई लोगों के लिए, कुछ दशाओं के इलाज के लिए मानक दवा उपचार बस काम नहीं करते हैं। रक्तचाप को नियंत्रित करने के लिए अक्सर महीनों के परीक्षण की आवश्यकता होती है। इसी तरह डिप्रेशन के लिए उपयुक्त उपचार योजना की पहचान करने में महीनों या वर्षों तक का समय लग सकता है। सिर्फ अमेरिका में दवाओं के कारण होने वाले प्रतिकूल परिणामों के कारण हर साल दस लाख से अधिक लोगों को अस्पतालों के आपातकालीन विभागों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। रोगियों के बीच दवा के प्रभावों में ये अंतर किस वजह से होता है? क्या यह उनके जीन हैं? क्या वे साइड इफेक्ट के कारण अपनी दवाएं निर्धारित अनुसार नहीं ले रहे हैं? या इन सब के पीछे कुछ और है?अध्ययनों से पता चलता है, कि आपके पर्यावरण का इस बात पर बहुत प्रभाव हो सकता है कि विशिष्ट उपचार आपके लिए कितने कारगर हैं। उदाहरण के लिए, किसी विशिष्ट दवा को लेते समय ग्रेप फ्रूट (चकोतरा) का रस न पीने की सलाह देने वाले चेतावनी लेबल के बारे में सोचें। ऐसा इसलिए है क्योंकि ग्रेपफ्रूट में मौजूद एक प्राकृतिक रसायन उन एंजाइमों को रोकता है जो उन दवाओं को विखंडित करते हैं। उच्च कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले कुछ सामान्य स्टैटिन विषाक्त स्तर तक बढ़ सकते हैं क्योंकि ग्रेपफ्रूट के रस में मौजूद रसायन इसकी सामान्य प्रोसेसिंग को अवरुद्ध कर देते हैं। ग्रेपफ्रूट ही एकमात्र पर्यावरणीय कारक नहीं है जो आपकी दवाओं के प्रति आपकी प्रतिक्रिया को प्रभावित करता है। उदाहरण के तौर पर अमेरिका में 8,600 से अधिक रसायनों का उपयोग किया जाता है, और लोग प्रतिदिन इनमें से हज़ारों रसायनों के संपर्क में आते हैं। इस बात की अधिक संभावना है कि इनमें से कई रसायन आपके द्वारा ली जाने वाली दवाओं के साथ परस्पर क्रिया कर सकते हैं। पिस्सू और टिक्स को पालतू जानवरों से दूर रखने के लिए हम जिन रसायनों का इस्तेमाल करते हैं, वे वास्तव में ग्रेपफ्रूट के रस द्वारा अवरुद्ध एंजाइम के स्तर को बढ़ा सकते हैं। इससे स्टैटिन इतनी तेज़ी से विखंडित हो जाता है कि वह बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित नहीं कर सकता।कार्बनिक पदार्थों के जलने से बनने वाले उप-उत्पाद, जैसे इंजन एग्जास्ट और जलती हुई लकड़ी, दवाओं का चयापचय करने वाले एंजाइमों में भी हस्तक्षेप कर सकते हैं। इनमें से कुछ रसायन, जिन्हें पॉलीएरोमैटिक हाइड्रोकार्बन कहा जाता है, अस्थमा के इलाज के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दवाओं को निष्क्रिय कर सकते हैं। आपके अस्थमा को ट्रिगर करने वाला पर्यावरणीय कारक इसके इलाज के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दवाओं को काम करने से रोक सकता है।रसायन विज्ञान में प्रगति शोधकर्ताओं को यह पता लगाने में मदद कर रही है कि कौन से रसायन उपचार के रास्ते में आ रहे हैं।

# आजीवन स्वस्थय उत्पादकता और कल्याण की नींव बचपन में ही रखी जा सकती है

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर हम मनीषी जीव के अनेक रूप देखते हैं, कोई सड़क पर भीख मांग रहा है तो कोई विश्व का सबसे अमीर है! कोई स्वास्थ्यता से डैमेज होकर दिव्यांग है तो कोई विश्व कासबसे स्वस्थ व्यक्ति !कोई बच्चा फुटपाथ पर जीवन जी रहा है तो कोई महलों में है। हालांकि इस स्थिति को किस्मत का खेल भी हम मानते हैं परंतु इस बात से हम इनकार नहीं कर सकते कि अगर एक माली या किसान जमीन में कोई बीज बोकर उसका सतर्कता से ध्यान रखना है, अंकुरित होकर पौधा होने तक उसका पूरा ध्यान रखना है तो अधिकतम संभावना उसके फलदार वृक्ष बनकर आजीवन स्वस्थ उत्पादकता बनी रहती है, जिसकी नीव उसे अंकुरित बीज की देखभाल करने से पड़ी! ठीक उसी तरह अगर हम अपने बच्चों क़े स्वास्थय, जीवन शैली, स्वस्थ्य विकास,गुणवत्ता सुधार पर उनके बचपन से ही गंभीरता व सतर्कता से ध्यान देंगे तो उनमें गुण ही अंकुरित होते जाएंगे उनके स्वास्थ्य व स्वस्थ्य विकास के फल उनके जीवन पर्यंत मिलेंगे, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, आओ बच्चों में स्वास्थ्य देखभाल, गुणवत्ता सुधार स्वस्थ्य विकास रूपी बीज बोकर उन्हें जीवन पर्यंत स्वस्थ व फलदार वृक्ष रूपी गुणवान बनाएं।



साथियों बात अगर हमह्न हम बच्चों के स्वास्थ्य की करें तो ,परिवार और उनकी मदद करने के लिए कड़ी मेहनत करने वालों के प्रति अपना समर्थन दिखाते हैं परिवार की आय बच्चों के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक प्रमुख कारक है। उन्नीसवीं सदी के मध्य तक बच्चों के उपचार के लिए कोई समर्पित सुविधा नहीं थी। उनका इलाज घर पर ही किया जाता था और अगर परिवारों के लिए यह विकल्प नहीहोता था , उस समय बच्चों के स्वास्थ्य की समझ को परिभाषित नहीं किया गया था और अक्सर परित्यक्त और अनाथ बच्चों को शिशु आश्रय गृहों में छोड़ दिया जाता था। अब समय के विकास के साथ बच्चों के स्वास्थ्य और गुणवत्ता पर ध्यान देने के लिए यह दिवस मनाया जाता है।

साथियों बात अगर हम विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वैश्विक बाल स्वास्थ्य एजेंडे की करें तो,पिछले दशकों में 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों का जीवित रहना वैश्विक बाल स्वास्थ्य एजेंडे का मुख्य केंद्र रहा है। परिणाम स्वरूप, 1990 और 2019 के बीच वैश्विक बाल मृत्यु दर में 60 प्रतिशत की कमी आई। 2020 में 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में होने वाली 5.2 मिलियन मौतों में से कई मौतें कमज़ोर आबादी में केंद्रित थीं, विशेष रूप से उप सहारा अफ्रीका और दक्षिण-पूर्व एशिया के देशों में !इस बात के प्रमाण के आधार पर कि आजीवन स्वास्थ्य, उत्पादकता और कल्याण की नींव बचपन में ही रखी जाती है, स्वास्थ्य क्षेत्र की यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका है कि बच्चे न केवल जीवित रहें,बल्कि फलते- फूलते रहें। सतत विकास लक्ष्यों में छोटे बच्चों के विकास को बढ़ावा देने के लिए विशिष्ट लक्ष्य शामिल हैं,जो मानव पूंजी उत्पन्न करता है जो हर बच्चे का अधिकार है, और न्यायसंगत और सतत प्रगति के लिए आवश्यक है। एक सुरक्षित, स्वस्थ और सुरक्षात्मक वातावरण यह सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण है कि सभी बच्चे अपनी पूरी क्षमता तक बढ़ सकें और विकसित हो सकें। बता दें 12-14 नवंबर 2024 को मातृ, नवजात, बाल और किशोर स्वास्थ्य और पोषण के लिए रणनीतिक और तकनीकी सलाहकार समूह के विशेषज्ञों की 10 वीं बैठक का एजेंडा विश्व बैंक द्वारा तैयार कर लिया गया है।

बचपन की बीमारियों का प्रबंधन गुणवत्तापूर्ण, बाल-केंद्रित प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं के कार्यान्वयन का समर्थन करके, डब्लू एचओ देशों को सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज की दिशा में काम करने में मदद करता है।उसका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि सभी बच्चे अपना 10 वां जन्मदिन अच्छे स्वास्थ्य में मना सकें।स्वास्थ्य सुविधाओं में लाए गए बच्चे अक्सर एक समय में एक से अधिक स्थितियों से पीड़ित होते हैं, और पर्याप्त देखभाल प्रदान करना एक गंभीर चुनौती बनी हुई है। कम संसाधन वाले देशों में प्रथम स्तरीय स्वास्थ्य सुविधाओं में, रेडियोलॉजी और प्रयोगशाला सेवाओं जैसे नैदानिक ??समर्थन न्यूनतम या न के बराबर होते हैं, और दवाएँ और उपकरण अक्सर दुर्लभ होते हैं निमोनिया, दस्त,मलेरिया खसरा और कुपोषण। इसके तीन घटक हैं- स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों के केस प्रबंधन कौशल में सुधार, समग्र स्वास्थ्य प्रणालियों में सुधार, और परिवार और सामुदायिक प्रथाओं में सुधार।प्रसार वाले क्षेत्रों के लिए अनुकूलित किया जा सकता है। इसे 10 वर्ष तक के बच्चों तक विस्तारित करने के लिए चर्चा चल रही है। साथियों बात अगर हम बच्चों के पालन पोषण की करें तो जिस तरह से माता, पिता और अन्य देखभालकर्ता शुरुआती वर्षों में बच्चों का पालन-पोषण और समर्थन करते हैं, वह स्वस्थ विकास और वृद्धि के लिए सबसे निर्णायक कारकों में से एक है जिसमें स्वास्थ्य, उत्पादकता और सामाजिक सामंजस्य के लिए आजीवन और अंतर-पीढ़ीगत लाभ हैं।बेहतर तरीके से बढ़ने और विकसित होने के लिए, बच्चों को पोषण संबंधी देखभाल प्राप्त करने की आवश्यकता होती है। इसका मतलब है कि वे पर्याप्त पोषण और अच्छेस्वास्थ्य का आनंद लें, सुरक्षित और संरक्षित महसूस करें, और जन्म से ही सीखने के अवसर प्राप्त करें। बीमारी के दौरान विशेष स्तनपान, टीकाकरण और समय पर देखभाल सभी बच्चे के स्वस्थ विकास और वृद्धि में योगदान करते हैं। स्वच्छ हवा, पानी और स्वच्छता, और खेलने और मनोरंजन के लिए

**किशन सनमुख़दास भावनानी**

## मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

कानपुर। विकास भवन स्थित जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी के कार्यालय का प्रात: 11:00 बजे औचक निरीक्षण मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन के द्वारा किया गया, निरीक्षण के समय परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, कानपुर नगर उपस्थित थे। जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी के कार्यालय में जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी ईशा शर्मा स्वयं उपस्थित थीं। इस कार्यालय में 07 अपर सांख्यकीय अधिकारी, 01 सहायक संख्या अधिकारी, 02 वरिष्ठ सहायक एवं 02 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनके सापेक्ष आभा टण्डन अपर सांख्यकीय अधिकारी लगातार गत माह से अनुपस्थित हैं, जिनके सम्बन्ध में बताया गया कि वह चिकित्सा अवकाश पर हैं तथा जय प्रकाश यादव अपर सांख्यकीय अधिकारी 10 फरवरी, 2025 से अनुपस्थित हैं, जिनके विषय में बताया गया कि उनके द्वारा अर्जित अवकाश का प्रार्थना पत्र दिया गया था किन्तु वह उप निदेशक, संख्या कार्यालय से स्वीकृत नहीं हुआ है, बिना अवकाश स्वीकृत के अनुपस्थित दिवसों का वेतन रोकने के निर्देश दिये गये। प्रीति कुमारी, अपर सांख्यकीय अधिकारी निरीक्षण के समय विलम्ब से 11:00 बजे के पश्चात आयीं और 06 एवं 07 फरवरी, 2025 को भी उन्हें, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी के द्वारा विलम्ब से आना दर्शाया गया है। प्रीति सिंह, अपर जिला सांख्यकीय अधिकारी के द्वारा उनके संपादित किये जा रहे कार्यों के सम्बन्ध में कोई सन्तोष जनक उत्तर नहीं दिया गया। जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को प्रीति सिंह, अपर सांख्यकीय अधिकारी को इस सम्बन्ध में स्पष्टीकरण निर्गत करने व 13 फरवरी, 2025 का वेतन काटने के निर्देश दिये गये।जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी कार्यालय में संख्या सहायकों एवं अपर सांख्यकीय अधिकारियों के मध्य जॉब चार्ट के अनुसार कार्यों का विभाजन बराबर-बराबर करने के निर्देश, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को दिये गये।

# पुण्य का भागी कौन? वीआईपी या कष्ट उठाने वाला आम जन मानस.!

प्रयागराज में लगे महाकुंभ में वीआईपी और आम जन मानस डुबकी सबने लगाई पर व्यवस्था सबके लिए अलग - अलग थी तो कौन ले गया अमृत स्नान का लाभ और महाकुंभ का महापुण्य ! आइए आपको एक महाकुंभ संत श्रीकुल पीठाधीश डॉ सचिंद्र नाथ महाराज के कथनानुसार महाकुंभ में स्नान प्रक्रिया और उससे प्राप्त पुण्य का सही तार्किक अर्थ बताते है। धर्म शास्त्रों में यह वर्णित है कि जिसकी जितनी कठिन तपस्या होती है सेवा पुण्य उसी को उतना प्राप्त होता है। ईश्वर सदैव तपस्या देखता है, सुविधा जन लोगो से तो ईश्वर दूर भागते है। आप का वीआईपी कल्चर जज पुलिस वकील लिखी और सायरन बजाती गाडियां जो आसानी से संगम घाट तक चली गई पर ये पैदल चल तपस्या कर रहे लोगो की आस्था को डिगा नहीं पाए और उन्हें ईश्वर का आशीर्वाद ऐसे ही आम जनमानस को मिलता गया जो बीसो किलोमीटर पैदल चलते गए और जहां घाट मिला ईश्वर को याद कर स्नान किया, जमीन पर बैठ रात बिताई और जो मिला वही पवा लिया, उसी पुण्य का ओज लेकर हजारों दिक्कतों के बीच घर वापिस भी आ रहे, उनका मन प्रसन्न है क्युकी उन्हें ईश्वर प्राप्त है ।



**पंकज सीबी मिश्रा /राजनीतिक विशलेषक एवं पत्रकार जौनपुर यूपी**

बुजुर्गो के लिए कोई ट्रांसपोर्टेशन सुविधा न होने से बहुत तीखी प्रतिक्रिया देखी गई, सरकार के प्रति लोगों को गहरा आक्रोश रहा। जहां बुजुर्गों की अंतिम इच्छा तीर्थ होती है ऐसे लोगों के लिए 10 से 15 किलोमीटर मेले में पैदल चलना किसी भी कष्ट से कम नहीं था। हालांकि उत्तर प्रदेश सरकार को कि इस पर ध्यान देने की जरूरत है की मेले में अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। वह आमजन को रोक रहे हैं और वीआईपी को सुविधा प्रदान कर रहे हैं। त्रिवेणी में वीआईपी को स्नान करने के लिए बोट मुहैया कराई जा रही है और आमजन संगम घाट को ही संगम समझकर गंगा और जमुना में डुबकी लगाकर चले जा रहे हैं। इसी के साथ वीआईपी के लिए वीआईपी घाट बनाना भी बहुत दुखद है। उन्हें वीआईपी बोट पर त्रिवेणी में स्नान करने में प्रशासन जुटा हुआ है। खैर इसका अफसोस किसी को नहीं करना चाहिए। दर्शन, पूजन, तीर्थ में जितने कष्ट होते है उतने ही भगवान उस व्यक्ति से प्रसन्न होते हैं। जिसने भी कष्ट उठाए पुण्य का भागी भी वही होगा। उड़नखटोला और लग्जरी कार और वीआईपी बोट से स्नान करने वाले कभी भी इसका लाभ नहीं उठा सकते। वह कृत्रिम शान शौकत तो दिखा सकते हैं लेकिन उन्हें कभी भी आत्मीय शांति नहीं मिल सकती। महाकुंभ में स्नान करने और प्रयागराज में एक रात बिताने का सौभाग्य मिला। हालांकि अवसर मेरे बाईक राइडिंग की वजह से मिला। ब्रह्म राष्ट्र एकम विश्व महासंघ की ओर से आयोजित शिविर और सायं राष्ट्रीय अधिवेशन महाकुंभ में शामिल होने का अवसर मिला।

इस अवसर को मैंने अध्यात्म में बदल दिया सायं पहुंचना स्नान और अगली सुबह 9 बजे वापसी। संगम में डुबकी लगाना न सिर्फ आध्यात्मिक सुकून दे गया, बल्कि मन को भी पवित्र और भावपूर्ण कर गया। यह पवित्र स्नान और अनुभव निश्चित रूप से अविस्मरणीय रहा। वहाँ की भीड़, आरती, साधु-संतों के दर्शन और कुंभ का दिव्य वातावरण—सब कुछ मनोरम रहा, हालांकि महाकुंभ में उमड़ी भीड़ का वीआईपी की सुविधाओं पर घोर प्रतिकार है। 9 फरवरी को मैं गांव में पुन: प्रयागराज से वापिस गया हूं। आशा थी कि वसंत पंचमी के स्नान के बाद स्नानार्थियों की भीड़ में कमी आ जाएगी लेकिन ऐसा नहीं हुआ। प्रयागराज को आने वाली प्रत्येक महत्वपूर्ण सड़क भीड़ से भरी हुई है। शास्त्री पुल, फाफामऊ पुल, नैनी का यमुना पुल, लखनऊ एवं प्रतापगढ़ की तरफ से आने वाली सड़क पर मलाक हरहर पर बना नया पुल वाहनों के कारण जाम चल रहे हैं और शहर से बाहर बने पार्किंग स्थलों पर बलात पार्किंग कराई जा रही है जिससे बाहर से आ रहे यात्री गण शहर व कुंभ क्षेत्र में पैदल ही आ रहे हैं।

उन्हें कुंभ क्षेत्र में पहुंचने के लिए 6 से 10 किलोमीटर पैदल चलना पड़ रहा है लेकिन मां गंगा में डुबकी लगाने के आकर्षण से लोग खिंचे चले आ रहे हैं। आस्था और श्रद्धा का ज्वार यही है। मैं भी रास्ते की भीड़ के कारण रविवार को पर्याप्त विलंब से वाराणसी पहुंचा। प्रयागराजवासी, विद्यार्थी, दूकानदार इस भीड़ तथा जाम से त्रस्त हैं। सब्जियां बहुत महंगी हो चली हैं। आवश्यक सामग्री बाहर से आ नहीं पा रही है, शहर के पेट्रोल पंप ड्राई हो रहे हैं। दवाओं के स्टाक का भी समाप्त होने का खतरा हो गया है। उक्त कष्ट होने के बाद भी यह कुंभ अपने आप में दिव्य तथा भव्य है। अभी तक कितने लोग कुंभ में आए, इस पर विवाद संभव है लेकिन इससे पहले इतनी संख्या में लोग किसी कुंभ में नहीं आए, यह निर्विवाद


## अपनी समस्या हमें बतायें

**आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।**
**दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।**

**फोन नं.- 8423454502, bps.knp786@gmail.com**

## आवश्यक सूचना

**प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे। - संपादक**

## आवश्यकता है

**बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।**

**संपर्क करें -:**

मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com

# अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू करे सरकार



बीपीएस न्यूज

कानपुर। अधिवक्ता कल्याण संघर्ष समिति के नेतृत्व में अधिवक्तागण बार एसोसिएशन गेट से अधिवक्ता सम्मान की खातिर हम सब मिलकर साथ चलेंगे।

नारे लगाते जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां पर बोलते हुए संघर्ष समित संयोजक पं रवीन्द्र शर्मा पूर्व अध्यक्ष लॉयर्स एसोसिएशन ने कहा कि न्यायालय के अधिकारी अधिवक्ताओं पर निरंतर हमले हो रहे है फर्जी रिपोर्टे लिखी जा रही है।

न्यायालय का आदेश है कि कोर्ट जाते आते समय अधिवक्ता को न रोका जाए किंतु फिर भी इलाहाबाद में अधिवक्ता को रोककर दरोगा द्वारा मारपीट की गई जो न्यायालय की अवमानना है साथ ही न्याय के प्रतीक, अधिवक्ताओं के गौरव बैंड को फाड़ा गया जो सीधे सीधे न्याय व्यवस्था पर हमला है हमलावर पर जानलेवा हमले की रिपोर्ट के बाद भी अभी तक हमलावर को गिरफ्तार नही किया गया हम इसकी निंदा करते है ।

अधिवक्ताओं की सुरक्षा और जीवन रक्षा हेतु अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम को लागू करने हेतु मुख्यमंत्री द्वारा बनाई गई ड्राफ्टिंग कमेटी प्रदेश के अधिवक्ताओं से सुझाव ले ड्राफ्ट तैयार कर विभाग को भेज चुकी है।किंतु अधिनियम के लागू न होने से निरंतर अधिवक्ताओं का उत्पीड़न हो रहा है।अधिवक्ताओं की सुरक्षा जीवन रक्षा संपत्ति रक्षा और फर्जी रिपोर्टों से बचाव हेतु तुरंत अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम लागू किया जाना आवश्यक है

जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने प्रतिवेदन प्राप्त कर कहा कि आप का प्रतिवेदन आवश्यक कार्यवाही हेतु मुख्यमंत्री को भेज दिया जाएगा।

प्रमुख रूप से राम नवल कुशवाहा अरविन्द दीक्षित मधुर साहू अनूप जायसवाल योगेश कुमार संजीव कपूर राकेश सिद्धार्थ आयुष शुक्ला सूजा अब्बास जसविंदर सिंह जगेंद्र अवस्थी गुलजार महेंद्र मोबीन अखिलेश सिंह इंद्रेश मिश्रा शिवम गंगवार वीर जोशी आदि रहे।

# क्षेत्रीय लोगों ने पार्क में अवैध झोपड़ियों पर केडीए सचिव को सौंपा ज्ञापन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। जूही कला योजना में डब्ल्यू ब्लाक केशवनगर में केडीए की करीब पांच हजार वर्ग मीटर जमीन पर कब्जा हो गया है। सोमवार को केडीए सचिव को स्थानीय लोगों ने कब्जा मुक्त कराने के लिए ज्ञापन सौंपा।

क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि केडीए जमीन खाली कराने की जगह केवल नोटिस-नोटिस खेल रहा है। आसपास रहने वाले अपने को ठगा महसूस कर रहे है। क्षेत्रीय लोगों ने बताया कि लाखों रुपये देकर भूखंड खरीदा था। खाली पड़ी जगह में पार्क विकसित करने की बात केडीए ने कही थी, लेकिन जमीन पर लोगों ने कब्जा करके झोपड़ियां बना दी है। बकायदा किराया वसूला जा रहा है। क्षेत्रीय लोगों ने केडीए सचिव को ज्ञापन सौंपकर जमीन खाली कराने की मांग उठाई ।बता दें, कि डब्ल्यू ब्लाक जूही कला स्कीम द्वितीय में भूखंड संख्या 439, 439 बी और 440 में जमीन प्राधिकरण की है। केडीए ने अवैध अध्यासियों को खाली पड़े फ्लैट लेने का मौका भी दिया है। इस मामले में जोन-2 के अधिशासी अभियंता द्वारा चार दिसंबर 2024 को पत्र भी जारी किया गया, लेकिन जनवरी बीत जाने के बाद भी अभी तक क्षेत्र में ध्वस्तीकरण अभियान नहीं चलाया गया है।

इसको लेकर क्षेत्रीय लोगों में नाराजगी है। केडीए सचिव ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। योजना से जुड़े दस्तावेज मंगवाकर जांच कराएगे। केडीए की जमीन है तो खाली करायी जाएगी। पिछले साल केडीए की पुरानी योजनाओं का सर्वे कराया था तो 26 खाली भूखंड मिले थे। इनको खाली कराके ई नीलामी से बेचे गए। साथ ही अन्य जगह भी जमीन खाली करायी जा रही है।

# डीएम ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर दवा खिलाकर किया शुभारंभ

बीपीएस न्यूज

कानपुर। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने सोमवार को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के अवसर पर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चुन्नीगंज के बच्चों को एल्बेंडोजल की 400 मिलीग्राम की दवा खिलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने नूर बच्ची द्वारा मुख्य द्वार पर बनाई गई रंगोली की प्रशंसा की एवं उपस्थित समस्त बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि पेट में कीड़े होने की संभावना हो सकती है,इसके दृष्टिगत सभी बच्चों को इस गोली को खाना आवश्यक है इस बार इस अभियान की थीम है ।वर्म फ्री चिल्ड्रेन, नेशन सभी बच्चों को इस गोली को अवश्य खानी चाहिए द्य सभी बच्चे अपने परिवार मोहल्ले,घर के आस- पास के बच्चों को यह गोली खाने के लिए अवश्य जागरूक करें द्य जो बच्चे आज के इस अभियान से छूट भी जाते है उन्हें 14 फरवरी 2025 को पुन: गोली खाने का मौका मिलेगा। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद का एक भी बच्चा इस अभियान से छूट न पाए यह सुनिश्चित किया जाए। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. हरिदत्त नेमी, अपर मु.चि. अधि. डा. सुबोध प्रकाश (नोडन एनडीडी कार्यक्रम), डा. कल्पना, जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार, प्रधानाचार्या मंगलम गुप्ता आदि उपस्थित रही।

# सूफी सय्यद शाह बाबा शहीद के आस्ताने आलिया पर उर्स कुल के साथ सम्पन्न

## इंसानियत का पैग़ाम आम करो, लोगों का हक़ ना मारो : सय्यद हम्मादुल हसन चिश्ती

बीपीएस न्यूज

कानपुर। उस्मानपुर ईदगाह स्थित हिन्दू मुस्लिम एकता के प्रतीक सूफी (संत) सय्यद शाह बाबा शहीद के उर्स के मौके पर देर रात जलसा मुकम्मल होने के बाद शाहिबे सज्जादा नबीरह सुल्तानुल हिन्द ख्वाजा गरीब नवाज जिगर गोशा फखरुद्दीन गरदीजी शहजादा ए फरीदुल हसन चिश्ती फरीदुल मशाएख सय्यदुल शादात साहेबजादा सय्यद हम्मादुल हसन चिश्ती गद्दीनशीन आस्ताना आलिया अजमेर शरीफ राजस्थान के द्वारा मजार पर हाजिरी के बाद अकीदतमंद लोगों ने देर रात तक हाजिरी की। रात 3 बजे अजमेर शरीफ से आए पीरजादे सय्यद साहब ने शाही गुस्ल की रश्म के बाद सन्दल पेश किया। आस्ताने पर सुबह कव्वाल साहब ने कव्वाली %सद्का हसनैन का दीजिये मेरे ख्वाजा% या रसूल अल्लाह मेरी हाजत रवाई कीजिये, मौला अली के वास्ते मुश्किल कुशाई कीजिये,



दीजिये हसनैन का सदक़ा तुफ़ैले फ़ातिमा, सैय्यदा ज़ैनब के सदके रहनुमाई कीजिये। कव्वाली के बाद रंग, आज रंग है रि मां, रंग है रि. मेरे ख्वाजा के घर रंग है रि। पढ़ा इसके बाद पीरजादे शहजादा ए गरीब के द्वारा कुल शरीफ पढ़ कर उर्स मनाया गया। यह उर्स खादिम आस्ताना इशहाक अली गुड्डू भाई के देख रेख में मनाया जाता है। उर्स के दौरान सय्यद हम्माद मियाँ ने कहा कि जब तक बिका ना था तो कोई पूछता न था। तुमने खरीद कर अनमोल बना दिया। अस्हाब व आले रसूल का दामन मज़बूती से थाम लो। ईमान पर क़ायम रहो, हक़ और सच्चों के साथ हो जाओ।

इंसानियत का पैग़ाम आम करो, लोगों का हक़ ना मारो। रंगकुल की रस्म सुबह 10-55 पर अदा की गई।

लोगों ने एक दूसरों को उर्स की मुबारकबाद दी। इस उर्स के आयोजन में कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये गये।

उर्स के बाद लंगर (भंडारे) का आयोजन हुआ। उर्स में राजस्थान के अजमेर शरीफ से आए सय्यद हम्मादुल हसन चिश्ती, खादिम इशहाक अली के अलावा हजारों की संख्या में अकीदतमंद लोग मौजूद थे।

# विधायक ने पत्नी के संग धनकुट्टी अस्पताल का किया भूमि पूजन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। समाजवादी पार्टी के आर्य नगर विधायक अमिताभ बाजपेई ने पत्नी पूर्व मेयर प्रत्याशी वंदना बाजपेई के साथ धनकुट्टी अस्पताल का अथक प्रयासों के बाद भूमि पूजन किया। अमिताभ बाजपेई ने कहा कि मैं विकास कर रहा हूं धनकुट्टी अस्पताल बनवा रहा हूं किसी को मिर्ची लगे तो मैं क्या करूं आगे कहा कि सन 18 दिसंबर 2017 में जब मैं विधायक बना जनता ने कहा कि 1995 में अस्पताल था

जिसकी बिल्डिंग जर्जर हो चुकी है पुन: धनकुट्टी अस्पताल को फिर से बनाया जाए नगर निगम द्वारा बारात शाला का प्रस्ताव पारित हो चुका था लेकिन जनता ने जन आंदोलन से खत्म करा दिया था। सदन के दौरान अशोक केसरवानी प्रभाकर शुक्ला ने याचिका कराई जिसको सदन में उठाया गया याचिका प्रमुख सचिव स्वास्थ्य को गई लेकिन मामला नगर निगम का था इसलिए विकास मंत्री को भेजा गया नगर निगम सदन में अपनी बात को उठाया तो नगर निगम ने कहा कि अस्पताल चला नहीं सकते अथक प्रयासों के बाद नगर आयुक्त तथा उच्च अधिकारियों से मिलकर कई प्रयास किया धनकुट्टी अस्पताल की एन ओ सी मिली जब जाकर भूमि पूजन कराकर फिर से धनकुट्टी अस्पताल बनाकर आर्य नगर विधानसभा के साथ शहारवासी इसका लाभ ले पाएंगे।

इस अवसर पर विधायक अमिताभ बाजपेई, पूर्व मेयर प्रत्याशी वंदना बाजपाई, अशोक केसरवानी प्रभाकर शुक्ला, नीरज, पार्षद रजत कौशिक बाजपेई, दीपा यादव, सौरभ गुप्ता ओम शुक्ला चंकी गुप्ता सौरभ गुप्ता गगनदीप सिंह, चंद्राकर शुक्ला हरिओम पांडे सर्विस यादव अंबर त्रिवेदी कृपाशंकर त्रिवेदी अवधेश बाजपेई रोशन गुप्ता पप्पन शर्मा सुशील तिवारी आदि लोग रहे।

# खेती को स्मार्ट बनाकर कृषि आधारित अर्थ व्यवस्था करें मजबूत : कुलपति

बीपीएस न्यूज

कानपुर। सीएसए के शाकभाजी अनुभाग कल्यानपुर पर सीएसए, जापानी एमएएएफ मॉडल फार्म प्रोजेक्ट के अंतर्गत संवादात्मक सत्र का आयोजन किया गया।

जिसकी अध्यक्षता कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह द्वारा की गई। अपने अध्यक्षीय संबोधन में कुलपति द्वारा कहा गया कि इस सत्र के आयोजन का मुख्य उद्देश्य स्थानीय परिस्थितियों के अनुकूल कृषि आधारित जापानी तकनीक का भारतीय खेती में समावेश करके खेती को स्मार्ट बनाकर कृषि आधारित अर्थव्यवस्था को सुदृढ करना है। तथा ग्रामीण युवकों को नवीन खेती के लिए प्रोत्साहित करना ताकि गांवों में ही रोजगार का सृजन हो सके। कार्यक्रम में विशेष सचिव कृषि उत्तर प्रदेश शासन ओ पी वर्मा द्वारा कहा गया कि मॉडल फार्म प्रोजेक्ट की सफलता के लिए जापानी प्रतिनिधि एवं विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिकों के मध्य नियमित संवाद जारी रहना चाहिए ।ताकि बड़ी संख्या में कृषि तकनीक को किसानों के खेतों तक पहुंचाया जा सके।

कृषि वानिकी एवं मत्स्य मंत्रालय जापान सरकार के प्रतिनिधि मित्सुओ सिमाड़ा द्वारा बताया गया कि मॉडल फार्म प्रोजेक्ट के तहत कृषि आधारित जापानी कंपनी सीधे उत्तर प्रदेश में निवेश करेगी तथा तकनीकी प्रदर्शन इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रथम सचिव जापान एंबेसी मसामी ओहता द्वारा बताया गया कि किसानों को जापानी तकनीक के विषय में प्रशिक्षित करके वृहद स्तर पर अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जाएगा। मेबीऑल कंपनी जापान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ हिरोशी योशिओका द्वारा कहा गया कि आईमैक फिल्म फार्मिंग तकनीक से हाइड्रोपोनिक्स की तुलना में 75त्न तक पानी की बचत करके चेरी टमाटर की सफलतापूर्वक खेती की जा सकेगी। कार्यक्रम में नोडॉका सकी, फ्यूकी वाटानेब, सतोशी नेगामी, डॉ कोजी इसीकावा, अजुसा मिशिमा, डॉ सुशील यामामोतो आदि जापानी प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर टोक्यो केईकी कंपनी जापान के सतोशी नेगामी ने ऑटोस्टीयरिंग सिस्टम का प्रदर्शन करते हुए बताया कि इस सिस्टम से चालक की दक्षता बढ़ती है तथा थकान भी कम आती है।

# मामूली विवाद में दरोगा ने युवक को बेरहमी से पीटा

बीपीएस न्यूज

कानपुर। चकेरी में शनिवार को मामूली विवाद में दरोगा ने पांच साथियों के साथ मिलकर एक युवक को लाठी-डंडे से पीट दिया। गांधीग्राम हरिजन बस्ती निवासी विनीता बाल्मीकि ने बताया कि उनका बेटा विक्की पेंटर है। विनीता के मुताबिक उनके पड़ोसी विजय करन सिंह उर्फ कल्लू के मकान में जाजमऊ में तैनात एक दरोगा प्रशांत सिंह किराए पर रहते हैं।

शनिवार की शाम विक्की अपने किसी साथी के साथ कल्लू के मकान के बाहर खड़ा होकर बात कर रहा था। उस दौरान तेज आवाज में बात करने को लेकर विक्की का दरोगा से विवाद हो गया। विक्की घर चला आया। आरोप है कि कुछ देर बाद दरोगा अपने पांच साथियों के साथ उनके घर में घुस आए। विक्की को घसीटते हुए बाहर ले गए और लाठी डंडों से जमकर पीटा। इससे विक्की की कमर में चोट आई है और वह खड़ा भी नहीं हो पा रहा है। थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला ने बताया कि इलाज कराने की बात पर दरोगा और पीड़ित परिवार में समझौता हो गया है। यदि कोई तहरीर मिलती है तो मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। उधर एडीसीपी पूर्वी मनोज पांडेय ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी। अगर दरोगा दोषी पाए गए तो कार्रवाई की जाएगी।

# महिला शिशु में दुर्लभ हाइड्रोसील का सफल ऑपरेशन



बीपीएस न्यूज

कानपुर। केंद्रीय अस्पताल, नार्थ सेंट्रल रेलवे , प्रयागराज में 6 वर्षीय रितिका मंजनपुर कौसम्बी निवासी जो एक दुर्लभ बीमारी महिला हाइड्रोसील से पीड़ित थी, का सफल ऑपरेशन किया गया। यह ऑपरेशन डॉ. संजय कुमार, वरिष्ठ सर्जन द्वारा किया गया, जो भारतीय रेलवे के एक प्रतिष्ठित सर्जन हैं ।यह हाइड्रोसील 6.8×2 सेमी का था, जो महिला शिशुओं में बहुत ही दुर्लभ है। डॉ. संजय कुमार ने कहा कि ऐसे मामले बहुत कम देखे जाते हैं और कई सर्जनों ने ऐसे मामलों को नहीं देखा है। उपलब्ध शोध के अनुसार, Canal of nuck का हाइड्रोसील, जिसे महिला हाइड्रोसील भी कहा जाता है, एक बहुत ही दुर्लभ स्थिति है, जिसमें अध्ययनों में 12 वर्ष से कम उम्र की लड़कियों में लगभग 0.74 प्रतिशत से 0.76 प्रतिशत की प्रवृत्ति की होती है, जिसका अर्थ है कि यह महिला आबादी के बहुत छोटे प्रतिशत को प्रभावित करता है; अधिकांश मामले बच्चों में देखे जाते हैं और वयस्कों में असामान्य माने जाते हैं। डॉ. संजय ने कहा कि इस दुर्लभ मामले की रिपोर्ट को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय चिकित्सा पत्रिकाओं में प्रकाशित करने के लिए भेजा जाएगा ।इस ऑपरेशन की सफलता से रितिका के परिवार को बहुत राहत मिली है। डॉ. संजय कुमार और उनकी टीम को इस सफल ऑपरेशन के लिए चिकत्सा निदेसक डॉ संजीव कुमार हन्डू ने बधाई दी ।इस ऑपरेशन में वरिष्ट निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ अलोक यादव, डॉ प्रगति पाण्डेय और मंजू देवी सोनकर मुख्य नर्सिंग अधीक्षक , नर्सिंग अधीक्षक प्रीती , नर्सिंग अधीक्षक हरीश कुमार शर्मा, ड्रेसर अमित शुक्ला , हॉस्पिटल असिस्टेंट रेखा सिंह, मूल चन्द , राजेंद्र कुमार तिवारी व रोमेश कुमार आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# कब्रिस्तानों से अवैध कब्जे हटाने पर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। सोमवार को सूफी सन्त मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के तत्वाधान में मंच के संयोजक ठाकुर राजा के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन दिया। जिसमें मांग की गयी है कि कब्रिस्तानों मे बने अवैध कब्जे हटाये जायें। मांग की गयी अवैध कब्जादार आये दिन अशान्ति फैलाये रहते हैं, जिसे देखते हुए तुरन्त कब्रिस्तानों से अवैध कब्जे हटाये जाये, जिससे कब्रिस्तान में आने-जाने वाले लोग परेशान न हो सकें। प्रतिनिधि मण्डल में मुख्य रूप से मेंहदी हसन अध्यक्ष, प्रमोद कुमार दुबे, मोहम्मद रियाज, दिलीप सिंह बागी, मोहम्मद अतीक, चिन्टू, मोहम्मद हसीन. कासिफ कुरेशी मुर्तजा खान, डा. शाजेब, अजय आरजू आदि लोग शामिल थे।

# रतनपुर पनकी में बनेगा नगर निगम का मैरिज हॉल

बीपीएस न्यूज

कानपुर। नगर निगम रतनपुर पनकी में आम लोगों के लिये मैरिज हॉल बनाएगा। सीएम वैश्विक नगरोदय योजना के तहत करीब 2.27 करोड़ रुपये योजना पर खर्च होंगे। इससे पहले मैरिज हॉल के लिये उपलब्ध कराई गई जमीन पर सीएंडडीएस कंपनी ने आपत्ति जताई थी। नगर निगम ने नई जगह पनकी पावर प्लांट के पास रामलीला मैदान के पीछे जमीन खोजी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी परियोजना वैश्विक नगरोदय योजना (सीएम-वीएनवाई) के तहत 38.19 करोड़ से शहर में 5 कार्यों को स्वीकृति मिली है। इसके तहत जोन-4 वार्ड 59 के अंतर्गत बृजभूषण अवस्थी बारातशाला (कम्यूनिटी सेंटर व मैरिज हॉल) का निर्माण भी होना था। कार्य के लिये नामित संस्था सीएंडडीएस ने सर्वेक्षण कार्य पूरा किया और कहा कि मैरिज हॉल के लिये उपलब्ध कराई गई भूमि में अग्निशमन के नियमानुसार आवश्यक सेटबैक छोडने की जगह नहीं मिल रही है, कंपनी ने कहा कि यदि नियम पूरे किये जातें हैं तो बारातशाला के लिये उपलब्ध भूमि कम पड़ जायेगी।

इसलिये कार्यदायी संस्था ने बारातशाला के निर्माण के लिये दूसरी जगह जमीन उपलब्ध कराने के लिये नगर निगम को पत्र लिखा था। जिसके बाद नगर निगम ने अब वार्ड 50 जोन 5 में शताब्दी नगर स्थित रतनपुर में जमीन को खोजा है।

# एम एच एम पब्लिक स्कूल में बच्चों की कला प्रतियोगिता का सफल आयोजन



बीपीएस न्यूज

कानपुर।एम एच एम पब्लिक में बच्चों के लिए कला प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें करीब 600 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता और कलात्मक क्षमताओं को प्रोत्साहित करना था ।प्रतियोगिता में चित्रकला, पोस्टर मेकिंग और थीम-आधारित आर्ट वर्क की विभिन्न श्रेणियों को शामिल किया गया। प्रतियोगिता की थीम प्रकृति का सौंदर्य थी, जिसके अंतर्गत बच्चों ने जल संरक्षण, हरियाली और पर्यावरण से जुड़े विषयों को अपनी कला में अभिव्यक्त किया ।प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि एसोसिएशन ऑफ मुस्लिम प्रोफेशनल की टीम व खिदमत ए हिंद फाउंडेशन ने विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए। उन्होंने छात्रों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं ।विद्यालय के प्रबंधक अशफ़ाक सिद्दीकी ने बताया, हमारे स्कूल का उद्देश्य बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधियों में भी आगे बढ़ाना है ।इस प्रतियोगिता में छात्रों के अभिभावकों ने भी बड़ी संख्या में भाग लिया और बच्चों के कार्यों की सराहना की। विजेताओं को स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक प्रदान किए जाएंगे ।एम एच एम पब्लिक स्कूल की यह कला प्रतियोगिता बच्चों के लिए एक यादगार अनुभव बन गई, जिसमें उन्होंने अपनी प्रतिभा को मंच पर प्रस्तुत कर खूब प्रशंसा बटोरी ।इस अवसर पर मुख्य रूप से टीम ए एमपी से अबरार अली, रिजवान अंसारी,जैनब सिद्दीकी, शादाब अंसारी, शेख़ उमर,कैफ वारसी, मोहसिन, जितेंद्र पाल,अब्दुल गनी, शिफा, काजल, इलमा, हदीसा, तृप्ति झा, रोशनी, दरख़्शा, रुक़ैया, नदीम, सिमरन, आदि उपस्थित थे।

# ऑपरेशन त्रिनेत्र के जरिए थाना पुलिस को मिली सफलता

बीपीएस न्यूज

कानपुर। कमिश्नरेट की गुजैनी थाना पुलिस को मिली सफलता ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत मिली थाना पुलिस को बड़ी सफलताचोरी की वारदात का सफलतापूर्वक किया गया अनावरण तीन शातिर चोरों को किया गया गिरफ्तार चोरी में प्रयुक्त की गई आटो सहित चोरी का माल सहित 6 लाख कैस भी हुआ बरामद थाना प्रभारी विनय तिवारी की टीम उप निरीक्षक राहुल कुमार उप निरीक्षक राहुल यादव हेड कांस्टेबल सुदीप कुमार हेड कांस्टेबल अनुराग हेड कांस्टेबल दिलीप शर्मा शिवम यादव को मिली बड़ी सफलता यह जानकारी प्रेस वार्ताकार में डीसीपी आशीष श्रीवास्तव ने दी।

# कबाड़ की दुकान में लगी भीषण आग कोई जनहानि नहीं

कानपुर। ग्वाल टोली थाना क्षेत्र अंतर्गत मछली मार्केट स्थित कबाड़ के गोदाम में लगी भीषण आग मच गई अफरा तफरी आग की भयावहता को देखकर हो गया दहशत का माहौल सूचना को अमल में लाते हुए मुख्य अग्निशमन अधिकारी दीपक शर्मा के दिशा निर्देश पर कर्नल गंज फायर स्टेशन से एफएसएसओ सहित पहुंची दमकल गाड़ी। सहायता के लिए लाटूश रोड फायर स्टेशन से भी बुलाई गई दमकल गाडियां। फायर कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद पा लिया आग पर काबू आग को पूरी तरह बुझा दिया गया है। साथ ही साथ दो फॉर क्लिप वाहनों को पूर्णत: सुरक्षित बचा लिया गया है। जिनकी कीमत लगभग 40 लाख है। कोई जनहानि की सूचना नही है।

# 21 दिन पहले चले अभियान के बाद फिर हुआ कब्जा

## कानपुर में महापौर ने बुलडोजर चलवाकर सामान कराया जब्त, पुलिस देख भागे दुकानदार



बीपीएस न्यूज

कानपुर। महापौर प्रमिला पांडेय मंगलवार को अचानक दलबल के साथ परेड चौराहा पहुंची तो अतिक्रमण देख हैरान रह गईं। अधिकारियों की हीलाहवाली की वजह से 21 दिन पहले हटाया गया अतिक्रमण फिर हो गया था। महापौर ने नाराजगी जताते हुए फिर परेड चौराहा से बड़ा चौराहा तक अभियान चलाया। इस दौरान बड़ा चौराहा से परेड स्थित आईएमए भवन के दोनों तरफ, परेड, उर्सला, डफरिन अस्पताल के फुटपाथ पर दोबारा अतिक्रमण हटाया गया।

अचानक अभियान शुरू होने से ठेले वाले कपड़े लादकर भाग खड़े हुए। महापौर ने कई को दौड़ाकर पकड़वाया। ठेले में लदे कपड़ों को एक बोरी में भरकर दुकानदार के नाम से जब्त करा दिया। आईएमए भवन के आसपास दोबारा अस्थाई अतिक्रमण देख महापौर का पारा चढ़ गया। उन्होंने सामने खड़े होकर उसे फिर तोड़वाया। अभियान में करीब 70 अस्थाई दुकानों को हटाया गया और 11 हजार जुर्माना वसूला गया। दोबारा अतिक्रमण न करने व एफआईआर दर्ज कराने की चेतावनी दी गई। इस दौरान पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम किशोर, प्रर्वतन दल व भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

परेड से उर्सला अस्पताल तक फुटपाथ से लेकर सड़क तक बड़ी संख्या में कपड़े की दुकानें लगती हैं। खरीदार भी अपने वाहन सड़क पर ही खड़े कर देते हैं जिससे हर दिन जाम लगता है। बड़ी संख्या में वाहन जाम में फंसते हैं। जोन-1 के जोनल अधिकारी विद्यासागर यादव ने बताया कि जब्त कपड़ों को दुकानदार जोनल कार्यालय में चार-चार हजार रुपये जुर्माना देकर ले जा सकते हैं। दोबारा अतिक्रमण करने पर चेतावनी दी जा गई है।


महापौर ने बताया कि 21 दिन पहले अभियान चलाकर पूरा इलाका साफ किया गया था। फिर से अतिक्रमण कर लिया गया। अब बुधवार से यहां पूर्व सैनिक तैनात कर दोबारा अतिक्रमण न हो, इसकी मॉनिटरिंग कराई जाएगी। फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले दुकानदारों की लिस्ट भी मांगी है। फुटपाथ पर एक-एक ठेला लगाने देने पर विचार किया जा रहा है। महापौर ने कहा कि अतिक्रमण हटाने का अभियान चलता रहेगा।

जल्द ही अतिक्रमण को लेकर दुकानदारों के साथ बैठक होगी जिसमें अगर दुकानों के सामने ठेले लगे तो उनकी जिम्मेदारी होगी। छोटे पैमाने पर कारोबार करने वाले बहुत लोग है लेकिन फुटपाथ, सड़क घेरकर कारोबार करना गलत है। महापौर ने कहा कि उर्सला, डफरिन, ब्लड बैंक में मरीजों, एबुलेंस को आने-जाने में दिक्कत होती है।

# ट्रक ने स्कूटी में मारी टक्कर...बाउंसर की मौत







कानपुर। कानपुर में ट्रक ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में बाउंसर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने मामले में जांच पड़ताल करने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसा रेलबाजार थानाक्षेत्र में फायर ब्रिगेड मोड़ के पास हुआ।

अनवरगंज थानाक्षेत्र के लक्ष्मीपुरवा निवासी मोहसिन खान उर्फ बबलू (28) के परिवार में पत्नी गुलनाज, तीन बच्चे हामिद, आमदा व आमना है। वह चकेरी के श्याम नगर स्थित चौधरी गेस्ट हाउस में बाउंसर थे। सोमवार देर रात करीब 12:30 बजे वह गेस्ट हाउस से निकलकर घर के लिए लौट रहे थे। इसी दौरान फायर बिग्रेड मोड़ के पास मुड़ने के दौरान टाटमिल की ओर से आ रहे ट्रक ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में मोहसिन की मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि मोहसिन अपने चार दोस्तों विक्की, रोहित, सोनू व इरफान के साथ घर जाने के लिए निकले थे। इसमें मोहसिन स्कूटी से सबसे पीछे चल रहा था। जबकि उनके चार दोस्त आगे चल रहे थे। इधर, हादसे के बाद ट्रक चालक रामादेवी की ओर वाहन लेकर फरार हो गया। मोहसिन की मौत से पिता जावेद, तीन भाई छोटू, विक्की, सैफी, बहन लाडो, मां गुड्डी, पत्नी गुलनाज, तीन बच्चे, हामिद, आमदा, आमना का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पोस्टमार्टम हाउस में पत्नी पति का शव दहाड़े मार मार रोती रही। रेलबाजार थानाप्रभारी का कहना है कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों से तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। फरार ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

## बेटी के ऑपरेशन में व्यस्त परिवार के घर चोरों ने लगाई घात, दस लाख किए पार

कानपुर। हनुमंत विहार में शातिरों ने खाली पड़े घर का ताला तोड़कर 10 लाख का माल पार कर दिया। घटना के वक्त पीड़ित परिवार बेटी का ऑपरेशन कराने के लिए अस्पताल गया था। हनुमंत विहार के अर्रा क्षेत्र में रहने वाले वीर सिंह क्रेन चालक हैं। परिवार में मां उर्मिला, पत्नी मोहिनी, दो साल की बेटी दिव्यांशी, दो माह का बेटा दिव्यांश है। वीर के मुताबिक बेटी दिव्यांशी को आंतों में तकलीफ है।

पांच फरवरी को बर्रा के निजी अस्पताल में उसको भर्ती कराया, जहां उसका ऑपरेशन हुआ। पूरा परिवार बेटी की तीमारदारी के लिए दिन में अस्पताल में रहता है। सात फरवरी की रात अस्पताल में रुके। सुबह पड़ोसी मुन्ना तिवारी ने फोन कर घर का ताले टूटे पड़े होने की जानकारी दी। वह आनन-फानन घर पहुंचे तो मेनगेट का ताला टूटा पड़ा था। शातिरों ने घर में लगा कैमरा भी तोड़ दिया। मेनगेट से दाखिल होने के बाद चोर अलमारी का लॉकर तोड़कर 1.5 लाख नकद और 7.5 लाख का जेवर ले गए। शातिरों ने अलमारी में टंगे कोट और जूते तक नहीं छोड़े। पुलिस ने जब इलाके के सीसीटीवी चेक किए तो एक संदिग्ध वैगन आर कार दिखी। इसका नंबर स्पष्ट नहीं है। पुलिस को अंदेशा है कि चोर इसी कार से आए थे।

# पीएसी जवान की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत

## कुर्सी के सहारे मफलर से कसा मिला शव, पत्नी पर हत्या का आरोप





बीपीएस न्यूज

कानपुर। कानपुर में पीएसी जवान की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत हो गई। उनका शव रसोई घर में कुर्सी के सहारे मफलर से कसा मिला। परिजनों ने पत्नी पर हत्या का आरोप लगाया। पुलिस का कहना है कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। मृतक 37वीं पीएसी बटालियन में तैनात थे। पूरा मामला चकेरी थानाक्षेत्र के श्याम नगर इलाके का है।

मूलरूप से फतेहपुर के झाऊपुर पोस्ट गोहराऊ अमौली निवासी रामखिलावन के बेटे सुनील कुमार उर्फ कल्लू (42) वर्तमान में कानपुर के चकेरी थानाक्षेत्र के श्याम नगर इलाके में किराये पर रह रहे थे। उनके परिवार में पत्नी नीलम देवी, बेटे रजत और श्रेयांश है। सुनील कुमार की शादी 17-18 पहले फतेहपुर में अंगदपुर की रहने वाली नीलम देवी से हुई थी।

मृतक भाई राजकुमार ने आरोप लगाया कि शादी के कुछ सालों बाद से ही पत्नी नीलम देवी उनसे लड़ाई करती रहती थी। रोज-रोज की कलह और प्रताड़ना से तंग आकर ही सुनील कुमार शराब पीने लगे थे। परिजनों का आरोप है कि पत्नी ने ही हत्या करने के बाद शव को आत्महत्या का रूप दिखाने के लिए गले में मफलर लगा दिया। श्याम नगर में किराये का कमरा लिये थे।

मृतक सुनील कुमार ऊपर के फ्लोर पर रहते थे, जबकि उनकी चचेरी बहन माया नीचे फ्लोर में रहती है। घटना के बाद चचेरी बहन माया ने ही भाई राजकुमार समेत अन्य परिजनों को सूचना दी। चकेरी थानाप्रभारी संतोष शुक्ला ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। हालांकि मौत का कारण अत्यधिक शराब पीने से बताई जा रही है। मामले में जांच पड़ताल की जा रही है।

## तेज रफ्तार का कहर, कार ने ई-रिक्शा में मारी टक्कर, हादसे में एक की मौत व पांच घायल

कानपुर। बिठूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंधना फ्लाईओवर के ऊपर तेज़ रफ्तार अर्टिगा कार ने टमाटर लिए जा रहे ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी और कार अनियंत्रित होकर पलट गईं। ई रिक्शा में सवार 60 वर्षीय मुन्नी लाल निवासी भानपुर थाना शिवराजपुर की मौके़ पर ही मौत हो गईं। ई रिक्शा चालक लालू और साथी सुमित भी गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायलों को उपचार के लिए रामा मेडिकल में भर्ती करा दिया। वहीं कार चालक और कार में सवार महिलाएं भी घायल हुई जिनका उपचार कल्याणपुर स्थित निजी अस्पताल में चल रहा है।

# पुलिस ने तीन शातिरों को किया गिरफ्तार, एक बाल अपराधी शामिल




कानपुर। कानपुर में चमनगंज पुलिस ने तीन शातिर लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। शातिरों ने चेन लूट की घटना को अंजाम दिया था। शातिर वारदात के दौरान सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए थे। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से गिरफ्तार कर लिया। इसमें एक बाल अपचारी भी शामिल है। वहीं, फजलगंज पुलिस ने 12 लाख की चोरी का खुलासा किया। पुलिस ने 250 कैमरे खंगालने के बाद एक चोर को पकड़ लिया।

चोर के पास से नकदी व जेवरात बरामद हुए।

चमनगंज थानाक्षेत्र में युवती से मोबाइल लूट की घटना का पुलिस ने 100 सीसीटीवी फुटेज की मदद से खुलासा कर दिया है। पुलिस ने तीन शातिरों को गिरफ्तार किया जिसमें एक बाल अपचारी शामिल है। शातिर आरोपी चोरी की मोटरसाइकिल से घूम-घूमकर मोबाइल लूट की घटना को अंजाम देते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से मोटरसाइकिल और आठ मोबाइल फोन बरामद किए हैं। चमनगंज इंस्पेक्टर संजय राय ने बताया कि तेजाब मिल कैंपस निवासिनी विनीता तिवारी 26 जनवरी को किसी कार्य के चलते चमनगंज की तरफ जा रही थीं। उसी दौरान मोटरसाइकिल सवार दो शातिरों ने उनके मोबाइल पर झपट्टा मारकर लूट लिया और मौके से फरार हो गए थे। घटना वहां पास लगे सीसी टीवी में कैद हो गई थी। घटना के बाद पीड़िता ने चमनगंज थाने पहुंतकर अपनी शिकायत दर्ज कराई थी।

घटना का खुलासा करते हुए एडीसीपी सेंट्रल राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि लूट की घटना का खुलासा करने के लिए आसपास के लगभग 100 से ज्यादा कैमरों के फुटेज देखे गए। जिसके बाद पता चला कि बाइक सवार दो शातिर के अलावा तीसरा बाल अपचारी भी है। कैमरों की मदद से 19 वर्षीय लारेब निवासी बेकनगंज, 28 वर्षीय मो रिजवान निवासी चमनगंज और एक बाल अपचारी को गिरफ्तार किया गया है इन दोनों के पास से अनवरगंज से चोरी हुई मोटरसाइकिल और आठ लूटे हुए मोबाइल बरामद किए गए हैं। एडीसीपी ने बताया कि तीनों के खिलाफ मुकदमे पता किए जा रहे हैं। लुटेरों की गिरफ्तारी में उनि नितिन कुमार, उनि यूटी राहुल, सुशील कुमार, अंकित, कां विवेक गौतम शामिल रहे।


# अतिक्रमण अभियान के बावजूद हुए दोबारा कब्जे, तीन चौकी प्रभारियों को नोटिस




कानपुर। कमिश्नरेट के सेंट्रल जोन में अतिक्रमण अभियान चलाने के बावजूद दोबारा से कब्जे होने पर तीन चौकी प्रभारियों को नोटिस जारी किया गया है। उन्हें तीन दिन के अंदर अपने जवाब देने के लिए कहा गया है। ऐसा नहीं करने पर उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई हो सकती है। नगर निगम ने पुलिस के सहयोग से पिछले दिनों परेड, बड़ा चौराहा, यतीमखाना, नवीन मार्केट, रहमानी मार्केट क्षेत्र में अतिक्रमण अभियान चलाया था। कई कब्जों को ढहाया गया था। कार्रवाई होने के एक दिन बाद ही फिर से अतिक्रमण हो गया। क्षेत्रीय लोगों ने पुलिस के अधिकारियों को इसकी शिकायत की। इसके बाद पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार के निर्देश पर तीनों चौकी प्रभारियों को नोटिस जारी हुआ।

एडिशनल पुलिस कमिश्नर कानून व्यवस्था हरीश चंदर ने बताया कि दोबारा अतिक्रमण के मामले में एकता चौकी, बस अड्डु चौकी और यतीमखाना चौकी इंचार्ज को नोटिस भेजा गया है। तीन दिन के अंदर जवाब देने के लिए निर्देश दिया गया है। उनके सही जवाब न मिलने पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## कहने को स्वरूप नगर कानपुर का पॉश इलाका...हालात जस के तस, जनता पूछ रही- कब बहुरेंगे सड़क के दिन



कानपुर। स्वरूप नगर थाने से ग्वालिन चौराहा होते हुये मटका तिराहा तक सड़क का निर्माण जल्द शुरू होगा। नगर निगम ने सीएम ग्रिड योजना के तहत बनने वाली सड़क के टेंडर के लिये निविदा जारी कर दी है। 13 फरवरी को टेंडर कराए जाएंगे। टेंडर खुलने के बाद सड़क का निर्माण कार्य इसी माह ही शुरू होगा। सीएम ग्रिड योजना के फेज 2 में थाना स्वरूप नगर से मटका तिराहा वाया ग्वालिन चौराह तक विकास एवं उन्नयन कार्य होना है। 1.50 किमी. लंबी सड़क के निर्माण में 18.31 करोड़ रुपये खर्च होंगे। वर्तमान में यह सड़क बहुत खराब है। फुटपाथ यहां गायब हो चुका है। सड़क पर कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे हैं। सीएम ग्रिड योजना के तहत शहर की 3 और सड़कें बनेंगी। नगर निगम ने 141.10 करोड़ रुपये से सड़कों को बनाने के लिये अतिरिक्त कार्ययोजना तैयार की है। शासन से अनुमोदन के लिये निर्माण एजेंसी अर्बन रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर एजेंसी (यूरिडा) ने पत्र भेजा है। तृतीय चरण के तहत आर्य नगर से गैस्ट्रोलीवर अस्पताल, घंटाघर से मुरे कंपनी रोड और सचान चौराहा बर्रा से रतनलाल नगर तक सड़कें बननी हैं।

# डाउनलाइन पर जल्द शुरू होगा टनल निर्माण...लोअर करने की प्रक्रिया हुई पूरी



कानपुर। कानपुर मेट्रो रेल परियोजना के अंतर्गत कॉरिडोर-2 (सीएसए से बर्रा-8) के अंडरग्राउंड सेक्शन में टनल निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। 'अप-लाइन' पर 'गोमती' टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम मशीन) ने रावतपुर से कंपनी बाग चौराहे की दिशा में बढ़ते हुए कॉरिडोर-2 डिपो रैंप तक लगभग 620 मीटर लंबे टनल का निर्माण हाल ही में पूरा किया था। अब इस स्ट्रेच के 'डाउनलाइन' में भी जल्द टनल निर्माण आरंभ होने जा रहा है। इसके लिए रावतपुर स्टेशन के निकट स्थित लॉन्चिंग शाफ्ट में कानपुर मेट्रो रेल परियोजना की छठी (कॉरिडोर-2 की दूसरी) टीबीएम मशीन के सभी हिस्सों को लोअर यानी जमीन के नीचे उतारने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इन हिस्सों के लोअरिंग के बाद अब टीबीएम मशीन के सभी भागों और घटकों के असेंबलिंग की प्रक्रिया तेजी से चल रही है।

उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीएमआरसी) के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने मंगलवार को कानपुर आगमन के दौरान निर्माणाधीन स्टेशनों का दौरा किया और विभिन्न विभागों से जुड़े कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

कॉरिडोर-2 (सीएसए से बर्रा-8) के अंतर्गत रावतपुर एलिवेटेड स्टेशन से जुड़कर बन रहा अंडरग्राउंड स्टेशन, कानपुर मेट्रो के दोनों कॉरिडोर को जोड़ने वाला अहम स्टेशन होगा। यहां पिछले साल अप्रैल से डी-वॉल डालने का कार्य शुरू किया गया था। टॉप-डाउन प्रणाली से स्टेशन निर्माण कार्य के साथ-साथ यहां से टनलिंग के लिए टीबीएम मशीन भी लॉन्च होनी थी, जिसके लिए दो लॉन्चिंग शाफ्ट बनाए गए थे।

यहां से 'अप-लाइन' पर कंपनी बाग चौरहा की दिशा में लॉन्च होने के बाद 'गोमती' टीबीएम मशीन ने 23 जनवरी को लगभग 620 मीटर लंबा टनल बनाकर अपना पहला ब्रेकथ्रू हासिल किया था। अब इसी स्ट्रेच के 'डाउनलाइन' पर टनल निर्माण के लिए एक और टीबीएम मशीन के सभी हिस्सों को लोअर करने की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

14 दिनों तक चली लोअरिंग प्रक्रिया में टीबीएम मशीन के हिस्सों को लगभग 15 मीटर गहरे लॉन्चिंग शाफ्ट में जमीन के नीचे उतारा या लोअर किया गया। सबसे पहले इस मशीन के लगभग 120 टन वजनी 'फ्रंट शील्ड' को लोअर किया गया, जिसके बाद एक-एक करके मिडिल शील्ड, कटरहेड, स्क्रू कन्वेयर, टेल शील्ड आदि हिस्से उतारे गए। टीबीएम मशीन के सभी भागों को लोअर करने के बाद इन्हें यांत्रिक घटकों, तारों आदि से जोड़ा जा रहा है। इसके बाद यह मशीन सबसे पहले रावतपुर से कंपनी बाग चौराहे की दिशा में कॉरिडोर-2 डिपो रैंप तक लगभग 620 मीटर लंबे टनल का निर्माण करेगी।

# श्रद्धालुओं से भरा लोडर दुर्घटनाग्रस्त, बच्ची की मौत व छह घायल, मथुरा होकर सभी जा रहे थे



बीपीएस न्यूज

कानपुर। महाराजपुर थानाक्षेत्र में सरसौल ओवरब्रिज पर मथुरा से प्रयागराज कुंभ जा रहे श्रद्धालुओं से भरा लोडर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गया। जिसमें एक बच्ची की मौत हो गई। वहीं एक दर्जन के आसपास श्रद्धालु घायल हो गए। मंगलवार भोर पहर हुए हादसे के कारण चीखपुकार मच गई।

हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी और काशीराम अस्पताल पहुंचाया। जहां से इलाज कराने के बाद वह लोग अपने गंतव्य को रवाना हो गए। हादसे के कारण हाईवे पर जाम लग गया। जिसके बाद पुलिस ने क्रेन की मदद से लोडर को किनारे कराकर यातायात सुचारु कराया।

मथुरा के भरतपुर कुमेरगेट निवासी प्राइवेट कर्मी 36 वर्षीय सुरेश कुमार पत्नी ज्योति, दो वर्ष की बेटी यामिनी व अन्य परिजनों और रिश्तेदारों के साथ लोडर से प्रयागराज कुंभ स्नान को जा रहे थे। चालक रमेश बाबू समेत लोडर में संतोष बाबू, जगदीश, गुड्डी देवी, कान्हा, रतन लाल, श्याम, प्रयांशु व सात माह वंशिका आदि 14 लोग थे। तीन लोग आगे व अन्य पीछे बैठे थे। मंगलवार सुबह पांच बजे कानपुर से फतेहपुर लेन में सरसौल ओवरब्रिज पर लोडर में पीछे से किसी वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। लोडर अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराया और दूसरी लेन में जाकर पलट गया। श्रद्धालुओं की चीख पुकार सुन आसपास के लोग मदद को दौड़े। सभी को बाहर निकालकर सीएचसी सरसौल भेजा गया। गंभीर घायल बच्ची यामिनी को मृत घोषित कर दिया गया। सभी घायलों का उपचार किया गया। तीन को गंभीर चोटें होने पर कांशीराम अस्पताल रेफर कर दिया गया। सभी घायल उपचार कराने के बाद पोस्टमार्टम कराए बिना ही शव को लेकर मथुरा वापस लौट गए। इस संबंध में महाराजपुर इंस्पेक्टर संजय पांडेय ने हादसा अज्ञात वाहन की टक्कर या फिर झपकी आ जाने के कारण हुआ है। क्रेन से क्षतिग्रस्त लोडर को हटवाकर किनारे कराया गया।

## यातायात को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए पुलिस उपायुक्त रवीन्द्र कुमार ने किया पैदल गस्त, दिए निर्देश

कानपुर। प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत यातायात को व्यवस्थित बनाए रखने के लिए पुलिस उपायुक्त (यातायात) रवीन्द्र कुमार ने कानपुर -प्रयागराज हाइवे रूमा, मनोज इंटरनेशनल चौराहा, रामादेवी चौराहा चकेरी आदि स्थानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर मौजूद यातायात निरीक्षक पूर्वी को निर्देश दिए कि किसी भी स्थान पर भीड़भाड़ या दबाव की स्थिति न बने। यातायात व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पैदल गस्त भी की एवं आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए, जिससे शहर में सुगम यातायात सुनिश्चित किया जा सके।

# अवनीश दीक्षित के बाद कमलेश फाइटर पर भी कसा शिकंजा, पुलिस ने उठाया बड़ा कदम...



बीपीएस न्यूज

कानपुर। सिविल लाइंस में मैरी एंड मैरीमैन कंपाउंड की एक हजार करोड़ की जमीन पर कब्जे के प्रयास में जेल में बंद कानपुर प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अवनीश दीक्षित का 2.41 करोड़ कीमत की संपत्ति में बंगला सीज करने के बाद अब पुलिस की निगाह जेल में बंद कमलेश फाइटर पर टेढ़ी है।

कमिश्नरेट पुलिस की अलग-अलग टीमों ने फाइटर और उसके साथियों की गैंगस्टर एक्ट के तहत संपत्ति जब्त करने की तैयारी शुरू कर दी है। इस मामले में पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार का कहना है कि कमलेश और उसके साथियों की संपत्ति भी जब्त करने की कार्रवाई जल्द की जाएगी।

नजीराबाद क्षेत्र में रहने वाले कमलेश फाइटर और उसके सात साथियों के खिलाफ शहर के कई थानों में वसूली, रंगदारी मांगने समेत कई गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज है।

इनमें कई मामलों में पुलिस चार्जशीट भी न्यायालय में दाखिल कर चुकी है। नजीराबाद थाने में कमलेश की हिस्ट्रीशीट खोली जा चुकी है। उसका गैंग भी इंटर रेंज स्तर पर पंजीकृत हो चुका है।

स्वरूप नगर थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला भी दर्ज हो चुका है।

अब पुलिस कमलेश फाइटर और उसके साथियों की संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई भई जल्द शुरू करेगी।

इसके गैंग में सरगना कमलेश कुमार उर्फ कमलेश फाइटर, संजय पाल, सूरज कुमार उर्फ मजनू, मुशीर खान, शानू लफ्फाज, मोहम्मद रियाज, राजा त्रिपाठी उर्फ प्रदीप त्रिपाठी हैं।

# तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर बंबा में गिरी, सेना के जवान समेत दो लोगों की मौत, दो की हालत गंभीर



कानपुर। घाटमपुर कोतवाली थानाक्षेत्र में बुधवार देर रात तिलसड़ा से पतारा जा रही तेज रफ्तार कार धरमंगदपुर गांव के पास सड़क किनारे बंबा में जा गिरी। हादसे में सेना के कमांडिंग ऑफिसर समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने पानी भरे बंबे में पड़ी कार में फंसे चारों लोगों को निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने सेना के अफसर समेत दो लोगों को मृत घोषित कर दिया। वहीं दो लोगों की हालत गंभीर बनी हुई जिनका इलाज हैलट अस्पताल में चल रहा है।

सेन पश्चिम पारा थानाक्षेत्र के न्यू आजाद नगर निवासी 28 वर्षीय राहुल सिंह बेंगलुरु में सेना में कमांडिंग ऑफिसर पद पर तैनात थे। वह रेउना थाना क्षेत्र के इस्माइलपुर निवासी 28 वर्षीय रामू कुशवाहा उर्फ वीरेंद्र व पुखरायां निवासी 25 वर्षीय शिवम और 28 वर्षीय रूपेश के साथ बुधवार देर रात कानपुर देहात के पुखरायां से अपने दोस्त की बरात में शामिल होने पतारा आ रहे थे। वह लोग गजनेर से पतारा रोड पर घाटमपुर कोतवाली थानाक्षेत्र के धरमंगदपुर गांव के पास पहुंचे ही थे कि अंधा मोड़ होने के कारण कार अनियंत्रित होकर सीधे पानी भरे बंबा में जा गिरी।

राहगीरों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर घाटमपुर इंस्पेक्टर धनन्जय कुमार पांडेय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और कार में फंसे चारों लोगों को बाहर निकलवाकर पतारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने कमांडिंग ऑफिसर राहुल सिंह और रामू कुशवाहा को मृत घोषित कर दिया। वहीं, शिवम व रूपेश की हालत देखते हुए दोनों को हैलट अस्पताल रेफर कर दिया। इंस्पेक्टर के अनुसार राहुल सिंह अपने दोस्त आशीष की शादी में शामिल होने के लिए छुट्टी लेकर आए थे।

# एसएनके पान मसाला के ठिकानों पर छापेमारी जारी, करोड़ों की नकदी और जेवर मिलने के संकेत




बीपीएस न्यूज

कानपुर।आयकर विभाग की एसएनके पान मसाला के ठिकानों पर 38 घंटे की रेड में 10 करोड़ रुपये नकदी और 15 करोड़ कीमत के सोने-चांदी के आभूषण मिले हैं। सूत्रों के अनुसार कारोबारी इस रकम और ज्वेलरी का हिसाब नहीं दे पा रहे हैं। छापामार टीम को 50 से ज्यादा संपत्तियों के दस्तावेज भी मिले हैं, इनके बारे में भी कारोबारी संतोषजनक जानकारी नहीं दे पाए हैं। रेड अभी जारी है, माना जा रहा है कि अभी और बेनामी संपत्ति व नकदी मिल सकती है।

दिल्ली व यूपी आयकर विभाग की संयुक्त टीम ने बुधवार सुबह 6 बजे शहर में पान मसाला कारोबारी के यहां बड़ी रेड डाली थी। कानपुर, कन्नौज, बरेली, झांसी, दिल्ली, मुंबई समेत 55 से ज्यादा स्थानों पर एक साथ छापेमारी की गई है। टीमों ने एसएनके पान मसाला कारोबारी ब्रदर्स नवीन कुरैले व प्रवीण कुरैले के स्वरूप नगर और किदवई नगर आवास समेत शहर में एक दर्जन से अधिक जगह पर रेड की है।

पनकी स्थित तीन फैक्ट्रियों के साथ पान मसाला की एजेंसी लेने वाले डिस्ट्रीब्यूटर्स के यहां भी छापामारी हुई है। गुरुवार को टीम ने अधिकारियों व कर्मचारियों से भी पूछताछ की। अभिलेखों की जांच में आय और खर्च को जांचा। बिल चेक किए।सूत्रों की माने तो अब तक 10 करोड़ से कैश और 15 करोड़ से अधिक कीमत के आभूषण और 50 से ज्यादा संपत्तियों के कागजात मिले हैं, जिनकी जांच चल रही है।आयकर अधिकारियों को अवैध संपत्ति को लेकर कई टिप्स मिले हैं। इस कारण उन्होंने पड़ताल और बढ़ा दी है। हालांकि अधिकारी छापे को लेकर अभी कोई जानकारी दे नही रहे हैं।

# ट्रांसफर व बर्खास्तगी के बाद भी सरकारी कर्मचारियों का आवासों पर कब्जा

## जिलाधिकारी ने एक हफ्ते में खाली करने के दिए निर्देश, लगाया जुर्माना



बीपीएस न्यूज

कानपुर ।जिले में तीन से चार वर्ष पहले अलग-अलग विभाग में तैनात रहे अधिकारी, कर्मचारी, पुलिसकर्मियों के नाम सरकारी आवास आवंटित किए गए थे। उसमें से कई का तबादला दूसरे जनपद हो गया तो कई पर बर्खास्तगी की कार्रवाई हुई। करीब 8 सरकारी कर्मचारियों ने तीन से चार सालों से आवास पर कब्जा कर रखा है। निर्देश के बाद भी खाली नहीं किया। ऐसे सभी लोगों को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने संबंधित विभाग को पत्र भेजकर एक सप्ताह में आवास खाली करने के निर्देश दिए। यही नहीं सभी से व्याज समेत जुर्माना भी वसूला जाएगा। फिर भी आवास खाली नहीं करते हैं तो आवास का बिजली कनेक्शन काटकर संबंधित थाने के एसीपी कार्रवाई करेंगे। सर्किट हाउस, रावतपुर ऑफीसर कॉलोनी, लक्ष्मण बाग ऑफीसर कॉलोनी में करीब एक हजार से अधिक आवास निर्माणाधीन हैं। करीब एक वर्ष पहले जिले में तैनात रहे करीब 17 अफसर से लेकर कर्मचारियों ने तबादले के बाद भी सरकारी आवास में कब्जा कर रखा था। तत्कालीन जिलाधिकारी की सख्ती के बाद 9 लोगों ने तो आवास खाली कर दिया लेकिन 8 लोग अभी तक आवासों में काबिज हैं। यही नहीं तबादले या कार्रवाई के बाद भी आवास न खाली करने पर सभी से व्याज समेत किराया वसूलने के निर्देश जारी किए थे।

जिसमें सबसे ज्यादा जुर्माना डॉ नीलिमा कुंवर प्रध्यापक सीएसए पर 7.96 लाख रुपये लगा है। ये 2021 से जनवरी 2025 तक तैनात रहीं। इन्होनें कोई शुल्क नहीं दिया। हैदर नकवी बर्खास्त अमीन पर 2.43 लाख, सुरेंद्र सिंह उपनिदेशक वाणिज्यकर पर 1.99 लाख रुपये, व्यास नारायन उमराव, नायाब तहसील के पद पर 2021 से 2023 तक तैनात रहे थे।इनपर 1.55 लाख का जुर्माना लगा। नीरज सिंह एलएलआर में नर्सिंग आफीसर पर 1.43 लाख, राजकुमार अवर अभियंता निर्माण खंड दो, तीन वर्ष तैनात रहे इनपर 1.51 लाख रुपये, इसके अलावा तत्कालीन समाजकल्याण अधिकारी प्रज्ञा पांडेय, यशवंत राव उपजिलाधिकारी गोंडा समेत 17 अफसरों और कर्मचारियों पर जुर्माना लगाया गया है। सभी से धनराशि वसूली के लिए संबंधित जिले के विभागाध्यक्षों को पत्र भेज दिया गया है। अगर ये जुर्माना की राशि नहीं जमा करते हैं तो इनके वेतन से कटौती की जाएगी। आवासों की बिजली काटने के लिए केस्को एमडी को भी पत्र लिखा गया है। निर्देश के बाद भी आठ कर्मचारियों का कब्जा बरकरार रणवीर सिंह, सिपाही, शिरोमन सिंह स्टेटिसशियन जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज, अलक शुक्ला नायब तहसीलदार इटावा, डॉ नीलिमा कुंवर प्रध्यापक सीएसए, कार्तिकेय यादव, बर्खास्त लिपिक कलेक्ट्रेट, हैदर नकवी बर्खास्त अमीन, विनीत तिवारी बर्खास्त लिपिक, राजकुमार अवर अभियंता निर्माण खंड दो ने अभी तक सरकारी आवास पर कब्जा कर रखा है। जब इनमें से कई पर कार्रवाई हो चुकी तो कई दूसरे जिले में तबादला हो गया। इसके बाद भी आवास खाली नहीं किया। दूसरे जिलों में तबादले के बाद भी आठ अफसरों ने आवास खाली नहीं किया है। करीब नौ लोग जिन्होनें आवास खाली किया है उनपर लगा जुर्माना आज तक नहीं जमा किया गया। सभी से वसूली के लिए संबंधित विभाग को पत्र लिखा गया है। जिन्होनें कब्जा कर रखा है उनपर एसीपी, प्रभारी आवास अधिकारी कार्रवाई करेंगे।

# चर्चित ज्योति हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार, सुपारी लेकर की थी हत्या, पुलिस ने कोर्ट में पेश करके भेजा जेल

बीपीएस न्यूज

कानपुर। शहर के चर्चित ज्योति हत्याकांड के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। स्वरूप नगर पुलिस को सफलता हाथ लगी। पुलिस के अनुसार आरोपी जमानत पर बाहर आने के बाद से फरार चल रहा था। ये आरोपी ज्योति के पति की कार चलाता था। जिसने सुपारी लेकर वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस के अनुसार सजा होने के बाद भी आरोपी हाजिर नहीं हुआ। इस कारण हाईकोर्ट ने उसके खिलाफ वारंट जारी कर दिया था। वारंट के बाद पुलिस ने उसे गुरुवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

स्वरूप नगर इंस्पेक्टर सूर्यबली पांडेय ने बताया कि शहर के चर्चित ज्योति हत्याकांड का आरोपी अवधेश कुमार चतुर्वेदी जमानत पर बाहर आने के बाद से फरार चल रहा था। उन्होंने बताया कि इस हत्याकांड का मुख्य आरोपी पीयूष दासानी था और अवधेश चतुर्वेदी उसका ड्राइवर था। पीयूष ने पत्नी ज्योति की हत्या के कराने के लिए अवधेश को ही 80 हजार नकद और ज्योति की ज्वैलरी देना तय किया था। सुपारी दी थी।

इसके बाद अवधेश ने अन्य नौकरों को रुपये देकर हत्या कराई थी। इंस्पेक्टर ने बताया कि पुलिस ने उस दौरान अवधेश को जेल भेजा था लेकिन जमानत पर बाहर आने के बाद से वह पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। सजा होने के बाद से पुलिस अवधेश की तलाश में लगी थी। उधर हाईकोर्ट ने भी अवधेश के खिलाफ वारंट जारी कर दिया था। इसके बाद से पुलिस की अलग-अलग टीमें लगी हुई थीं।

इंस्पेक्टर के अनुसार 27 जुलाई 2014 को हुई ज्योति की हत्या के बाद अक्टूबर 2022 को हत्याकांड के मामले में अपर जिला जज प्रथम अजय कुमार त्रिपाठी की अदालत ने छह लोगों को दोषी करार दिया है। इस हत्याकांड में ज्योति के पति पीयूष, उसकी प्रेमिका मनीषा मखीजा के अलावा मनीषा के ड्राइवर अवधेश चतुर्वेदी व हत्या में शामिल रहे आशीष, सोनू और रेनू को दोषी करार दिया गया था। इसके बाद न्यायालय ने मुख्य आरोपी पीयूष समेत अन्य आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

शहर के पॉश इलाके पांडु नगर निवासी बिस्किट कारोबारी ओमप्रकाश श्यामदासानी की बहू ज्योति श्यामदासानी की 27 जुलाई 2014 को चाकूओं से गोदकर हत्या कर दी गई थी। ज्योति के पति पीयूष श्यामदासानी ने स्वरूप नगर थाने जाकर ज्योति के अपहरण की कहानी सुनाई थी। लगभग दो घंटे बाद पनकी में ज्योति का खून से लथपथ शव मिला था।

शहर में हुए हाईप्रोफाइल हत्याकांड के बाद पुलिस अधिकारियों में हड़कंप मच गया। पुलिस अधिकारियों ने जांच शुरू की तो ज्योति का पति पीयूष ही सवालों के घेरे में फंस गया था। पुलिस ने जब पूछताछ शुरू कि तो ज्योति की हत्या में चार लोगों को सुपारी देने की बात कबूली थी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में भी ज्योति के शरीर पर 17 बार चाकू से घाव की पुष्टि हुई थी। इस हत्याकांड में सभी जेल में हैं, लेकिन ड्राइवर फरार था जो फिर जेल पहुंचा दिया गया।

# बीफार्मा छात्र की मौत का केस: परिजन बोले- 19 प्रतिशत उपस्थिति थी तो बताया क्यों नहीं, कोई सोची-समझी साजिश हुई



बीपीएस न्यूज

कानपुर। बिठूर थानाक्षेत्र में स्थित रामा मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल में बीफार्मा छात्र नवीन गुप्ता की आत्महत्या के मामले में दूसरे दिन पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों में नाराजगी दिखी। उन लोगों ने आक्रोश जताते हुए कहा कि वह लोग कॉलेज गए थे। जहां नवीन के दोस्तों ने बताया कि वो कई दिनों से कॉलेज नहीं आया। बताया कि पहले सेमेस्टर में उसकी उपस्थिति सिर्फ 19 प्रतिशत ही थी। जिस पर परिवार के लोगों ने कॉलेज प्रबंधन से जानकारी की। इस पर परिजनों ने आक्रोश जाहिर करते हुए कहा कि इतनी कम उपस्थिति थी, तो उन लोगों को क्यों नहीं बताया गया। छात्र नवीन को परीक्षा में कैसे बैठने दिया। वहीं मृतक के चाचा व भाई ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उन लोगों से सादे कागज पर हस्ताक्षर कराए हैं। वहीं पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग की पुष्टि हुई है।

रामनगर पोस्ट हरगांव जिला सीतापुर में एफसीआई कर्मी सरोज गुप्ता का 19 वर्षीय पुत्र नवीन गुप्ता का कमरा नंबर 310 में फांसी के फंदे पर शव लटकता मिला था। परिवार में मां रेनू गुप्ता के अलावा एक भाई सॉफ्टवेयर इंजीनियर शरद गुप्ता है। एक बहन नेहा गुप्ता जो कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है। भाई शरद गुप्ता ने बताया कि नवीन ने मंगलवार को मां रेनू से आखिरी बार बात की थी। उसने कहा था कि सब ठीक है। मां ने पूछा भी था कि कोई समस्या तो नहीं है तब भी उसने कोई बात नहीं बताई। इसके बाद अन्य लोगों से बात कर फोन रख दिया था। इसके बाद वह लोग आराम करने चले गए थे। बताया कि बुधवार को वह लोग अपने-अपने काम में व्यस्त थे। तभी साढ़े चार बजे के बाद कॉलेज प्रबंधन ने मां को नवीन की आत्महत्या करने की जानकारी दी। जिसके बाद उनकी हालत बिगड़ गई। परिजनों का आरोप था कि कॉलेज प्रबंधन ने उसे रिजल्ट के बारे में कोई जानकारी नहीं दी। जब घटना हुई तो बिना उन लोगों के इंतजार न करके शव क्यों फंदे से उतार लिया। आरोप लगाया कि हॉस्टल वार्डन ने कभी क्यों नहीं बताया कि वह अपने रूम पर रह रहा है। उन लोगों को नवीन का मोबाइल नहीं देखने दिया और फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया। आरोप है, कि पंचायतनामा में लिखा कि परिवार की मौजूदगी में शव निकाला गया, जबकि वह लोग वहां थे ही नहीं। परिजनों का आरोप है, कि पुलिस ने लिखापढ़ी में दिया कि उनके सामने दरवाजा तोड़ा गया। मगर सिपाहियों ने बताया कि उनके सामने कोई दरवाजा नहीं तोड़ा गया। अलग-अलग लोगों की अलग-अलग बातों से कुछ समझ नहीं आ रहा है। परिजनों का आरोप था कि ऐसा लगता है, कि नवीन के साथ कुछ जरूर गलत हुआ है। आरोप है, कि ये सुसाइड नहीं बल्कि सोची समझी कोई साजिश है। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे दोस्त मतीन ने बताया कि 8 फरवरी को उसकी और नवीन की आखिरी बार बात हुई थी। उस समय भी उसने ऐसा कुछ नहीं कहा जिससे लगे कि वो अवसाद में हैं। मतीन ने बताया कि उसने यह जरुर कहा था कि वो कॉलेज नहीं गया और रूम पर ही है। इस संबंध में एसीपी कल्याणपुर अभिषेक पांडेय ने बताया कि परिजनों ने अभी तक कोई तहरीर नहीं दी है। आरोपों की जांच की जा रही है।

# जिलाधिकारी ने दी सीख, कहा- खुद त्यागे और दूसरों को भी पान मसाला त्यागने को करें प्रेरित



कानपुर। कानपुर ई-रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन के महामंत्री कपिल देव अपने संगठन के अन्य सदस्यों के साथ गुरुवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। अपनी समस्याओं के संबंध में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। जिलाधिकारी ने ज्ञापन लेते हुए एसोसिएशन के उपस्थित प्रतिनिधियों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुन कर निस्तारण कराने हेतु उन्हें आश्वासन दिया।

इस दौरान एक दिलचस्प वाक्या भी हुआ। ई रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद बाजपेई पान मसाला खाए हुए थे। इस दौरान जिलाधिकारी ने उनसे कहा कि पान मसाला खाने से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी हो सकती है। जिलाधिकारी ने विनोद बाजपेई से कहा कि पहले आप पान मसाला खाने की आदत छोड़ें, जो कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का कारण बन सकता है। साथ ही अपने इष्ट मित्रों को भी पान मसाला खाने की आदत छूटने हेतु उन्हें प्रेरित करें। विनोद ने जिलाधिकारी महोदय को आश्वस्त किया कि वह अब पान मसाला नहीं खाएंगे।

# पुलिस-बदमाश के बीच मुठभेड़...शातिर गिरफ्तार

कानपुर, । गुजैनी थानाक्षेत्र में बुधवार रात शातिर बदमाश के साथ पुलिस की मुठभेड़ हो गई। हरदोई के शातिर बदमाश की गुजैनी क्षेत्र में सूचना मिली। जिसके बाद मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने घेराबंदी शुरू की। इस दौरान पुलिस को देखते हुए बदमाश ने पुलिस पार्टी पर फायर झोंक दिया ।जिस पर जबावी फायरिंग करते हुए पुलिस की गोली बदमाश के पैर में लग गई। घायलावस्था में उसे हिरासत में लेकर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां आलाधिकारियों ने उससे पूछताछ शुरू की। शातिर ने शहर से कार चोरी की थी। वह दूसरी घटना को अंजाम देने के लिए फिर से शहर में आया था। एडीसीपी साउथ महेश कुमार के अनुसार साढ़ के वीरनखेड़ा गाजीपुर निवासी अरिमर्दन सिंह की ईको कार गुजैनी थानाक्षेत्र के तात्याटोपे नगर से चोरी कर ली गई थी। जिसके बाद पीड़ित ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी ।एडीसीपी के अनुसार ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सीसीटीवी की मदद से आरोपी की पहचान सौरभ राठौर उर्फ गुल्लू उर्फ गोलू उर्फ बऊवा निवासी ग्राम दीन नगर थाना कछौना हरदोई के रूप में हुई। शातिर बदमाश के बारे में जानकारी हुई कि वह फिर से क्षेत्र में सक्रिय है, इसके बाद घेराबंदी शुरू की गई ।गुजैनी पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस को देखते ही आरोपी ने पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने बचते हुए उस पर फायर किया तो बदमाश सौरभ के पैर में गोली लग गई। जिस वह वहीं पर गिर गया। एडीसीपी के अनुसार आरोपी पर हरदोई, कल्याणपुर, बिल्हौर, नौबस्ता, बर्रा समेत 15 संगीन मुकदमे दर्ज हैं।

# चुनावी लड़ाई की तैयारी में गर्माई सांगठनिक लड़ाई, भाजपा जल्द घोषित कर सकती अध्यक्षों की सूची

कानपुर। भाजपा, कांग्रेस और समाजवादी पार्टी विधानसभा चुनाव 2027 के लिहाज से संगठन के ढांचे में पुनर्गठन की प्रक्रिया पर तेजी से काम कर रहे हैं। इसके चलते भाजपा में जहां जिलाध्यक्षों, प्रांतीय परिषद सदस्यों की घोषणा सांसद और विधायकों के बीच रस्साकशी में अटकी है, वहीं कांग्रेस भी दस फरवरी तक जिलाध्यक्षों की घोषणा में विफल रही है। समाजवादी पार्टी में तो संगठन का पूरा ढांचा बदलने पर ही मंथन जारी है। भाजपा में सबसे ज्यादा खींचतान जिलाध्यक्षों के नामों की घोषणा पर है। सांसद और विधायकों की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। कानपुर उत्तर, दक्षिण और ग्रामीण जिला में अध्यक्ष घोषित किए जाने हैं। 27 दिन बीत चुके हैं, पर अब तक हमति नहीं बन पा रही है। इसके पीछे एक कारण पार्टी द्वारा जिलाध्यक्षों को अधिकार सम्पन्न बनाने का निर्णय है, जिसके तहत ग्राम पंचायत, बीडीसी, निकाय प्रतिनिधियों के नाम फाइनल करने का अधिकार जिलाध्यक्षों को दिया जा सकता है। नामों को अंतिम रूप देने में क्षेत्रीय अध्यक्षों की राय को महत्व दिया जा रहा है। भाजपा ने आंतरिक विवाद के कारण 288 मंडल अध्यक्षों के नाम होल्ड कर रखे हैं। कानपुर में भी मंडल अध्यक्ष के नामों की घोषणा को लेकर विवाद उत्पन्न हो गया है। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव में अपेक्षाकृत बेहतर प्रदर्शन के चलते संगठन के पुनर्गठन का निर्णय लिया है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को छोड़कर सभी जिलों में अध्यक्ष पद पर नये चेहरे दिखेंगे। फ्रंटल संगठनों में भी फेरबदल किया जाएगा। पार्टी ने संगठन के लिहाज से कानपुर को तीन जिलों में बांटा है। जातीय समीकरण को तवज्जो दी जा रही है। दक्षिण में ब्राह्मण अध्यक्ष बनाया जा सकता है, जबकि उत्तर में मुस्लिम या दलित या फिर वैश्य को कमान दी जा सकती है। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस फरवरी के अंतिम सप्ताह तक जिलाध्यक्ष घोषित कर सकती है।

### महाकुंभ को लेकर अखिलेश यादव ने की मांग, बोले

# कुंभ मेले का समय बढ़ाया जाना चाहिए, सड़कों पर अभी भी श्रद्धालुओं की भारी संख्या



समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश सरकार से महाकुंभ की अवधि बढ़ाने का आग्रह किया है, जिसमें सड़कों पर अभी भी आने वाले श्रद्धालुओं की भारी संख्या का हवाला दिया गया है। यादव ने दावा किया कि पिछले वर्षों में, महाकुंभ और कुंभ मेला 75 दिनों तक चलता था, जबकि वर्तमान कार्यक्रम छोटा है। उन्होंने कहा कि मैं बस यही चाहता हूं और यही मैंने कहा है कि कुंभ मेले का समय बढ़ाया जाना चाहिए ताकि बुजुर्ग लोग शांति से संगम में पवित्र स्नान कर सकें।

सोशल मीडिया पर दृश्य खचाखच भरी रेलगाड़ियाँ, भीड़भाड़ वाली सड़कें और महाकुंभ की ओर जा रही भारी भीड़ को दर्शाते हैं।

इस सप्ताह की शुरुआत में, महाकुंभ मेले की ओर जाने वाली सड़कों पर कई किलोमीटर तक भारी यातायात जाम देखा गया। भारी भीड़ के कारण प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा। यादव ने राज्य सरकार पर पिछले महीने महाकुंभ में भगदड़ से हुई मौतों की सही संख्या छिपाने का भी आरोप लगाया।दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक समागम, महाकुंभ 13 जनवरी को शुरू हुआ और 26 फरवरी को महा शिवरात्रि के साथ समाप्त होने वाला है। राज्य सरकार के आंकड़ों के अनुसार, शुक्रवार शाम तक 50 करोड़ से अधिक लोगों ने संगम में पवित्र डुबकी लगाई है - जो रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका की संयुक्त जनसंख्या से भी अधिक है। राज्य सरकार ने कहा कि अकेले शुक्रवार शाम 6 बजे तक 92 लाख से अधिक लोगों ने डुबकी लगाई, जिससे महाकुंभ में कुल श्रद्धालुओं की संख्या 50 करोड़ (14 फरवरी तक) हो गई।

# केमिकल कंपनी की गैस रिसाव से स्कूल में अफरातफरी, अचेत हुए 12 छात्र, अस्पताल में भर्ती




राजस्थान के कोटा के सिमलिया थाना क्षेत्र में शनिवार को सीएफसीएल फैक्ट्री से अमोनिया गैस के रिसाव से कई छात्र बीमार पड़ गए। रिसाव से गढ़ेपान गांव के सरकारी स्कूल के छात्र प्रभावित हुए हैं। बच्चों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जिनमें से छह की हालत गंभीर थी। न्यू मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अधीक्षक, आशुतोष शर्मा ने बताया ति जिन छात्रों को यहां रेफर किया गया था, उनकी हालत स्थिर थी। हमने उनका प्राथमिक उपचार किया और जेके लोन अस्पताल में रेफर किया। किसी की भी हालत गंभीर नहीं थी।बताया जा रहा है कि गैस रिसाव से कुल 12 छात्र प्रभावित हुए हैं। उनमें से पांच को शुरू में कोटा मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था, लेकिन उनकी बिगड़ती हालत के कारण बाद में उन्हें कोटा के जेके लोन अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया। ग्रामीणों ने बताया कि चंबल फर्टिलाइजर एंड केमिकल्स लिमिटेड (सीएफसीएल) फैक्ट्री में सुबह करीब 11 बजे गैस रिसाव हुआ। हाई सेकेंडरी स्कूल में छात्रों को सांस लेने में दिक्कत होने लगी। कुछ ही देर में उनमें से कुछ बेहोश हो गए, जिससे स्कूल में दहशत फैल गई। अराजकता फैल गई और अधिकारियों को तुरंत सूचित किया गया।सीएफसीएल एक फैक्ट्री है जो यूरिया खाद का उत्पादन करती है। नवीनतम अपडेट के अनुसार, प्रभावित छात्रों का पहले फैक्ट्री परिसर में संचालित अस्पताल में इलाज किया गया। यह भी पता चला कि कुछ छात्राएं स्कूल परिसर में पानी लेने गई थीं, तभी उन्हें घुटन और बेचैनी महसूस होने लगी। उनकी हालत बिगड़ गई और उन्होंने स्कूल स्टाफ को सांस लेने में दिक्कत के बारे में बताया। खबर मिलने पर कोटा जिला कलेक्टर रवींद्र गोस्वामी घटनास्थल पर पहुंचे और फैक्ट्री और उपखंड प्रशासन से जानकारी जुटाई।

## पार्क से ही अदालत में लाइव जुड़ गए वकील साहब, जज ने वकील को लगाई लताड़

दिल्ली हाईकोर्ट ने वर्चुअल सुनवाई (ऑनलाइन कोर्ट कार्यवाही) के दौरान वकीलों की तरफ शिष्टाचार न बनाए रखने पर चिंता जाहिर की. कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट बार एसोसिएशन से आग्रह किया कि वह वकीलों को उचित आचरण के बारे में जागरूक करें. यह मामला तब सामने आया जब एक वकील ने पार्क में खड़े होकर मोबाइल फोन से एक केस में अपीलकर्ताओं का पक्ष रखने की कोशिश की.जस्टिस गिरीश कथपालिया की बेंच ने कहा कि वर्चुअल सुनवाई का मकसद वकीलों की सहूलियत बढ़ाना है, लेकिन इसके बावजूद उन्हें कोर्ट में अनुशासन बनाए रखना जरूरी है. कोर्ट ने यह भी कहा कि रोजाना की सुनवाई सूची (डेली कॉज लिस्ट) में बार-बार निर्देश दिए जाते हैं, फिर भी कई वकील नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं. कोर्ट ने यह भी बताया कि कई बार वकील नेटवर्क की समस्या की वजह से सुनाई नहीं देते या वीडियो बंद रखते हैं, जिससे सुनवाई प्रभावित होती है.जब आदेश सुनाया जा रहा था, तब संबंधित वकील ने अपना वीडियो बंद कर दिया, जिसकी वजह से कोर्ट ने उनकी मौजूदगी दर्ज करने से इनकार कर दिया. हालांकि कोर्ट ने मामला खारिज नहीं किया ताकि इसका नुकसान वकील के मुवक्किल को न हो.यह मामला 5 लाख रुपये के कर्ज से जुड़ा था. अपीलकर्ताओं ने स्वीकार किया कि उन्हें यह रकम चेक के जरिए मिली थी, लेकिन उन्होंने दावा किया कि यह पहले दिए गए नकद कर्ज की वापसी थी. हालांकि कोर्ट को नकद लेन-देन का कोई ठोस सबूत नहीं मिला और यह भी सवाल उठाया कि नकद में दिया गया कर्ज चेक से क्यों लौटाया जाएगा।

# अवैध प्रवासियों को बेड़ियों में जकड़ कर भेजना क्रूर और शर्मनाक है: उमा भारती



अमेरिका का एक सैन्य विमान भारत के विभिन्न राज्यों के 104 ''अवैध प्रवासियों'' को लेकर पांच फरवरी को अमृतसर पहुंचा था। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई के तहत इन लोगों को भारत निर्वासित किया था। कुछ निर्वासितों ने दावा किया कि पूरी यात्रा के दौरान उनके हाथ-पैरों में हथकड़ी लगी रही तथा अमृतसर में उतरने के बाद ही उनकी बेड़ियां खोली गईं।

भारती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर अपने पोस्ट में कहा,''अमेरिका से वापस भेजे गए अवैध प्रवासी भारतीयों को जिस तरह से हथकड़ियों एवं बेड़ियों में जकड़कर वापस भेजा गया, वह बेहद शर्मनाक एवं मानवता के लिए कलंक है।''उन्होंने कहा कि अमेरिकी सरकारों ने 'रेड इंडियंस' और वहां रहने वाले अफ्रीकी मूल के लोगों के प्रति कई बार यह क्रूर और हिंसक रवैया दिखाया है। रेड इंडियन शब्द का इस्तेमाल यूरोपीय उपनिवेशवादियों द्वारा उत्तरी अमेरिका के मूल निवासियों के लिए किया जाता था।

भाजपा नेता ने कहा, ''जब उन्हें (निर्वासित लोगों को) विमान से भेजा जा रहा था तब उन्हें हथकड़ियों और बेड़ियों में रखना अमेरिकी प्रशासन की क्रूरता और अमानवीयता को दर्शाता है। किसी देश में अवैध रूप से प्रवेश करना अपराध है, हर देश के कानून के अनुसार इसकी सजा का प्रावधान है, लेकिन ऐसी क्रूरता महा पाप है।'' अमेरिका से 119 अवैध प्रवासियों को लेकर एक विमान शनिवार रात अमृतसर हवाई अड्डे पर उतरेगा।

# शादी में डांस करते हुए नीचे गिरी महिला, फिर जो हुआ वो कर देगा हैरान

मध्यप्रदेश के विदिशा जिले में एक शादी के दौरान हैरान करने वाला मामला सामने आया है। शादी में हो रहे डांस के दौरान ही ऐसी घटना हो गई जिससे हर कोई स्तब्ध रह गया है। विदिशा में एक रिजॉर्ट में शादी के दौरान एक 23 वर्षीय युवती डांस कर रही थी। ये युवती के जीवन का अंतिम डांस साबित हुआ है।दरअसल डांस करने के दौरान ही 23 वर्षीय युवती की हृदयाघात से मौत हो गई। युवती की पहचान इंदौर निवासी परिणीता जैन के रूप में हुई है। युवती अपनी चचेरी बहन की शादी में शामिल होने विदिशा आई थी।सोशल मीडिया पर सामने आए एक वीडियो में दिखाया गया है कि परिणीता हल्दी समारोह के दौरान मंच पर डांस कर रही थीं, जहां 200 से अधिक मेहमान मौजूद थे। वायरल हुए एक वीडियो में दिखाया गया है कि शनिवार रात को जब परिणीता बॉलीवुड गाने 'लेहरा के बलखा के' पर डांस कर रही थीं, तो वह अचानक स्टेज पर गिर गईं।घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर आने के बाद यह बात सामने आई। परिवार के सदस्य, जो डॉक्टर हैं और समारोह में मौजूद थे, ने उसे सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) देने की कोशिश की, लेकिन उसने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। उसे तुरंत एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।एमबीए ग्रेजुएट परिणीता इंदौर के साउथ तुकोगंज में अपने माता-पिता के साथ रहती थी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, उसके एक छोटे भाई की भी 12 साल की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी। हालांकि, यह पहली ऐसी घटना नहीं है जब मध्य प्रदेश में संगीत की धुनों पर नाच रहे लोग बेहोश होकर गिर पड़े और उनकी मौत हो गई। पिछले साल अक्टूबर में, आगर-मालवा जिले में क्रिकेट खेलते समय एक 15 वर्षीय लड़के की हृदयाघात से मौत हो गई थी। इसी तरह, मध्य प्रदेश के इंदौर में एक योग कार्यक्रम के दौरान मंच पर नृत्य करते समय 73 वर्षीय एक व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ा और उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई।

# चर्बी वाला लड्डू' विवाद में बड़ा खुलासा, 'भोले बाबा डेयरी' के नाम से खेला गया खेल, 4 गिरफ्तार

पूरे देश में तिरुपति बालाजी मंदिर पिछले साल से कुछ खास वजह से चर्चा का विषय बना हुआ है, जबसे इस मंदिर के प्रसाद को लेकर चौंकाने वाले खुलासे हुए थे. मंदिर के प्रसाद को लेकर ऐसा दावा किया गया कि प्रसाद के लड्डू बनाने के लिए घटिया सामग्री और जानवरों की चर्बी का इस्तेमाल किया था. अब इस मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल ने श्री वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में श्रद्धालुओं को प्रसाद के रूप में दिए जाने वाले तिरुपति लड्डुओं में कथित मिलावट के सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है.टीडीपी राज्य कार्यालय ने बताया कि सीबीआई जांच दल ने मामले के सिलसिले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार किए गए लोगों में एआर डेयरी (तमिलनाडु), पराग डेयरी (उत्तर प्रदेश), प्रीमियर एग्री फूड्स और अल्फा मिल्क फूड्स सहित घी की आपूर्ति करने वाली संस्थाओं के लोग शामिल हैं. जांच में घी की आपूर्ति के दौरान गंभीर उल्लंघनों का पता चला, जिसमें हर कदम पर अनियमितताएं थीं. वैष्णवी डेयरी के प्रतिनिधियों ने घी आपूर्ति के लिए एआर डेयरी के नाम पर टेंडर हासिल किए. वैष्णवी डेयरी ने टेंडर प्रक्रिया में हेराफेरी करने के लिए एआर डेयरी के नाम का इस्तेमाल करते हुए फर्जी दस्तावेज और मुहरें तैयार कीं. रुड़की में भोले बाबा डेयरी से घी मंगाने का दावा करते हुए वैष्णवी डेयरी ने फर्जी रिकॉर्ड बनाए.

अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार लोगों की पहचान भोले बाबा डेयरी के पूर्व निदेशकों विपिन जैन और पोमिल जैन, वैष्णवी डेयरी के अपूर्व चावड़ा और एआर डेयरी के राजू राजशेखरन के रूप में हुई है. एक अधिकारी ने रविवार देर रात ''चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है. दो व्यक्ति (बिपिन जैन और पोमी जैन) भोले बाबा डेयरी से हैं, अपूर्व चावड़ा 'वैष्णवी डेयरी' और (राजू) राजशेखरन 'एआर डेयरी' से जुड़े हैं.''सूत्रों के अनुसार, एसआईटी जांच में घी आपूर्ति के हर चरण में गड़बड़ियां होने का पता चला है, जिसके कारण गिरफ्तारियां की गईं. उन्होंने आरोप लगाया कि वैष्णवी डेयरी के अधिकारियों ने मंदिर को घी की आपूर्ति करने के लिए एआर डेयरी के नाम से टेंडर हासिल किया और टेंडर हासिल करने के लिए टेंडर प्रक्रिया में हेराफेरी करने के लिए फर्जी रिकॉर्ड बनाया.

सूत्रों ने बताया कि एसआईटी ने खुलासा किया कि वैष्णवी डेयरी ने झूठा दावा किया था कि वह भोले बाबा डेयरी से घी प्राप्त करती थी, जबकि अधिकारियों ने पाया कि भोले बाबा डेयरी के पास मंदिर बोर्ड तिरुमला तिरुपति देवस्थानम की मांग को पूरा करने की क्षमता नहीं थी.सीबीआई ने उच्चतम न्यायालय के आदेश पर, तिरुपति लड्डू बनाने में पशु चर्बी के इस्तेमाल के आरोपों की जांच के लिए पिछले वर्ष नवंबर में पांच सदस्यीय एसआईटी का गठन किया था. उन्होंने बताया कि टीम में केंद्रीय एजेंसी के दो अधिकारी, आंध्र प्रदेश पुलिस के दो अधिकारी और भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) का एक अधिकारी शामिल है.

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता सुब्रमण्यम स्वामी और वाईएसआरसीपी (युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी) के राज्यसभा सदस्य वाई वी सुब्बा रेड्डी सहित अन्य की याचिकाओं पर सुनवाई के बाद शीर्ष अदालत ने पिछले साल चार अक्टूबर को अपने आदेश में कहा था कि लड्डू बनाने में पशु चर्बी के इस्तेमाल के आरोप की जांच एसआईटी करेगी और इसकी निगरानी सीबीआई निदेशक करेंगे.

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने सितंबर में आरोप लगाया था कि राज्य में वाई एस जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली पिछली सरकार के दौरान तिरुपति के लड्डू तैयार करने में पशु चर्बी का इस्तेमाल किया गया था. नायडू के इस बयान से बड़ा राजनीतिक विवाद पैदा हो गया था.

# दुनिया का सबसे बड़ा ट्रैफिक जाम, 300 किलोमीटर दूर से ही फंसे वाहन




उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में महाकुंभ मेले में शामिल होने के लिए लाखों लोग आ रहे हैं। इतने सारे वाहनों के आने से सड़कें 300 किलोमीटर तक जाम हो गईं। लोग अपनी कारों में ही फंसे रहे और मेले में शामिल होने के लिए इंतजार करते रहे। आलम ये है कि कई वाहन सड़कों पर ही रुके हुए है। सड़के ही पार्किंग स्थल में बदल चुकी है। दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक समागम में भाग लेने के लिए उत्सुक लाखों तीर्थयात्री रविवार को मेला स्थल से सैकड़ों किलोमीटर दूर अपनी कारों में फंसे रहे।महाकुंभ मेले में जाने के लिए लाखों लोगों के आने से एक अभूतपूर्व जाम लग गया। यह जाम 200-300 किलोमीटर तक फैल गया, जिसमें मध्य प्रदेश से आने वाले तीर्थयात्रियों के वाहन भी शामिल थे। जाम के कारण पुलिस को कई जिलों में यातायात रोकना पड़ा और लोग कई घंटों तक सड़कों पर फंसे रहे।समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, प्रयागराज में भारी यातायात और भीड़भाड़ से बचने के लिए मध्य प्रदेश में सैकड़ों वाहनों को रोक दिया गया था।

यह वाहन प्रयागराज की ओर जा रहे थे। मध्य प्रदेश के कई जिलों में पुलिस ने वाहनों की आवाजाही रोक दी है और लोगों से सुरक्षित स्थान पर जाने को कहा है। कटनी जिले में पुलिस ने वाहनों से घोषणा की है कि सोमवार तक यातायात बंद रहेगा, जबकि मैहर पुलिस ने वाहनों को कटनी और जबलपुर की ओर लौट जाने और वहीं रहने की सलाह दी है।

पीटीआई की रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने बताया है कि आज प्रयागराज की ओर जाना मुश्किल है क्योंकि 200-300 किलोमीटर तक लंबा ट्रैफिक जाम हो गया है। सोशल मीडिया पर कई वीडियो में दिखाया गया है कि मध्य प्रदेश के कटनी, जबलपुर, मैहर और रीवा जिलों में सड़कों पर हजारों कारें और ट्रक लंबी कतार में खड़े हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया है कि कटनी से लेकर रीवा जिले के चाकघाट तक, जो कि एमपी-यूपी सीमा पर है, लगभग 250 किलोमीटर लंबे रास्ते पर भारी ट्रैफिक जाम लगा है।यात्रियों ने सोशल मीडिया पर इस जाम की शिकायत की है। एक यूजर ने लिखा, जबलपुर से पहले 15 किलोमीटर लंबा ट्रैफिक जामज प्रयागराज तक अभी भी 400 किलोमीटर है। कृपया महाकुंभ आने से पहले ट्रैफिक की स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त कर लें!

# दिव्यांग उद्यमियों के आत्मनिर्भरता अभियान को व्यापक समर्थन

**बीपीएस न्यूज**

कानपुर। उत्तर प्रदेश में दिव्यांग उद्यमियों के कौशल एवं आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित 卐मानवता का उत्सव- हुनर दिव्य मेला卐 का भव्य समापन मुख्य अतिथि जितेन्द्र प्रताप सिंह जिलाधिकारी कानपुर नगर एवं विशिष्ट अतिथि दीक्षा जैन, मुख्य विकास अधिकारी , कानपुर नगर की गरिमामयी उपस्थिति मे लाजपत भवन मैदान, मोतीझील, में किया गया।

उन्होंने मेले का दौरा कर दिव्यांग उद्यमियों का मनोबल बढ़ाया एवं कानपुर प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने स्टॉल पर जाकर दिव्यांगजनों द्वारा बनाए गए विभिन्न उत्पादों की सराहना की और उनसे बातचीत कर उनके हुनर की प्रशंसा की। दिव्यांगजनों की उपलब्धियों की सराहना करने के साथ ही उन्होंने उत्साहपूर्वक विभिन्न हस्तनिर्मित वस्तुएं खरीदीं,

जिससे दिव्यांग विक्रेताओं को आर्थिक सहयोग भी मिला। जिला अधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने अपने बहुमूल्य समय में से कुछ क्षण निकालकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया। स्टैंड-अप हास्य कलाकार अभय कुमार शर्मा , जिन्होंने अपनी प्रस्तुति से सभी का मन मोहा। यह महत्वपूर्ण आयोजन दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य निधि योजना के वित्त पोषण से दिव्यांग डेवलपमेंट सोसायटी द्वारा आयोजित किया गया। इस मेले में दिव्यांग उद्यमियों, कलाकारों, सरकारी अधिकारियों, गणमान्य अतिथियों, सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

इस मेले में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से दिव्यांग बच्चों एवं उद्यमियों ने भाग लिया। सहारनपुर, वाराणसी, प्रयागराज, पीलीभीत, कानपुर, लखनऊ, खंडवा (मध्य प्रदेश), देहरादून (उत्तराखंड) से आए प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा एवं उत्पादों का प्रदर्शन किया। इस दौरान दिव्यांगजनों ने आत्मनिर्भरता, संघर्ष और आत्मसम्मान के महत्व को समझा और सामाजिक समावेशिता की भावना को अपनाने की प्रेरणा ली।

सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं लाभ इस मेले में विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा दिव्यांगजनों के लिए चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही, कई दिव्यांगजनों ने इन योजनाओं का लाभ उठाने हेतु पंजीकरण भी कराया। जिला अधिकारी ने अपने संबोधन मे कहा कि सभी दिव्यांगजन बच्चे एवं प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इन सभी ने अपनी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट आयोजन क्षमता का परिचय देते हुए कार्यक्रम को न केवल सुचारू रूप से संपन्न किया, बल्कि इसे एक यादगार अनुभव भी बनाया। मनप्रीत कालरा ने पूरे कार्यक्रम के समन्वय में अहम भूमिका निभाई,

जिससे सभी गतिविधियाँ व्यवस्थित रूप से संपन्न हुईं। एंकर बॉबी ने अपने आकर्षक संचालन और ऊर्जा से माहौल को जीवंत बना दिया, जिससे दर्शक पूरे समय कार्यक्रम से जुड़े रहे। दिव्यांग जनों के समर्थन और प्रेरणा से यह आयोजन एक नई ऊंचाई तक पहुंचा, जिससे समाज में सकारात्मक संदेश और ऊर्जा का संचार हुआ।कार्यक्रम के अंत मे कार्यक्रम की सन्योजक मनप्रीत कालरा ने 卐मानवता का उत्सव- हुनर दिव्य मेला卐 की सफलता के लिए हम सभी प्रतिभागियों, गणमान्य अतिथियों, मीडिया प्रतिनिधियों एवं आगंतुकों का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी ने कार्यक्रम की योजना से लेकर उसके क्रियान्वयन तक हर चरण में अपना सहयोग प्रदान किया, जिससे सभी प्रतिभागियों को बेहतरीन मंच मिला। इस कार्यक्रम को मीडिया हाउस और पत्रकारों द्वारा व्यापक कवरेज प्राप्त हुई, जिससे समाज में दिव्यांग उद्यमियों के समर्थन एवं आत्मनिर्भरता का संदेश और अधिक मजबूत हुआ। इस मेले को कानपुर और उत्तर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए आगंतुकों ने खूब सराहा और इसे भविष्य में भी जारी रखने की अपील की। समापन समारोह मे विशिष्ट अतिथि के रूप मे श्री विजय कपूर, उद्यमी एवं अध्यक्ष, दादानगर औद्योगिक क्षेत्र, श्री गुरविंदर सिंह छाबड़ा (विक्की छाबड़ा), पूर्व उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश पंजाबी अकादमी (राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त), ज्योति अग्रवाल, निदेशक, जी डी गोयनका विद्यालय, राजीव अग्रवाल, संरक्षक, दिव्यांग विकास समिति एवं अध्यक्ष, रोटरी क्लब, आइ. एम. रोहतगी, संरक्षक, दिव्यांग विकास समिति, के. डी. सिंह, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी , मदन राखड़ा, संरक्षक, दिव्यांग विकास समिति, प्रीति शिवानी, संरक्षक, दिव्यांग विकास समिति, वरिष्ठ राजनेता एवं डीपीएस आजादनगर के संस्थापक, आलोक मिश्रा, विनय उत्तम (जिला दिव्यांग सशक्तीकरण अधिकारी, कानपुर नगर) एवं मनप्रीत कौर (सचिव, दिव्यांग विकास समिति) मौजूद रहे।

## डीएम ने बेघर महिला को पुलिस बल भेज ताला खुलवाते हुवे घर में कराया प्रवेश

कानपुर। रोजाना की तरह जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान एक मामला ऐसा भी आया जिसमें एक वृद्ध माँ सुमन देवी ने शिकायत किया कि उनका बेटा कृष्ण मुरारी उन्हें गाली- गलौज करता है और जब वह वृंदावन धाम में दर्शन करने गई थी, तो उनके बेटे ने ताला तोड़कर स्वयं का ताला लगाकर उन्हें घर से बेघर कर दिया। तब महिला ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया तो माननीय न्यायालय ने इस मामले को जिलाधिकारी, कानपुर नगर के द्वारा निस्तारित करने का आदेश दिया। इस पर मां ने विगत 5 फरवरी 2025 को जिलाधिकारी के समक्ष अपनी आप - बीती सुनायी जिसपर जिलाधिकारी ने मां के साथ-साथ बेटे को भी कलेक्ट्रेट में उपस्थित होने के लिए कहा था।

यहां भी जिलाधिकारी रुके नहीं और उन्होंने बेटे को खरी - खोटी सुनाते हुए नैतिकता का पाठ पढ़ाने लगे जिस पर बेटा लज्जित व शर्मिंदा हुआ। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने बेटे से माफीनामा लिखवाया और एसीएम- 7 सुरेंद्र बहादुर व पुलिस बल को वृद्ध महिला के घर भेजकर घर का ताला खुलवाया, जिससे महिला को उनके घर में प्रवेश मिल गया। गौरतलब है कि दोषी बेटा तहसीलदार सदर ऑफिस में प्राइवेट जॉब करता है जिसकी जानकारी जिलाधिकारी को नहीं थी इसके पूर्व वह बार-बार कह रहा था कि हम आपके लिए ही काम करते हैं ।

# जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व प्राथमिक विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

बीपीएस न्यूज

कानपुर। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, नर्वल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुबह 10:45 पर डा0 अपर्णा अनुपस्थित पायीं गयी। इस केन्द्र में कुल तीन डॉक्टर कार्यरत हैं, जिनमें से दो डॉक्टर हीं उपस्थित मिले। निरीक्षण के दौरान जितेन्द्र नामक एक 04 वर्ष का बच्चा इलाज के लिये आया था और उसका इलाज डॉक्टर के द्वारा होने के बजाय फार्मासिस्ट अंजलि द्वारा ही किया जा रहा था, फार्मासिस्ट ने हीं दवा का पर्चा लिख दिया जब कि दो अन्य



नियमित डॉक्टर अनिल और राशि केन्द्र में उपस्थित थे। जिलाधिकारी द्वारा अंजलि से पूछे जाने पर कि आप मरीज को क्यो देख रहीं हैं, इस पर फार्मासिस्ट ने चुप्पी साध ली। जिलाधिकारी ने पाया कि डॉक्टर राशि सामुदायिक केन्द्र में अपने बच्चे को लेकर आयीं थी और वह अपने बच्चे पर हीं ध्यान केन्द्रित कर रहीं थी। उन्होंने ओ0पी0डी0 की स्थिति खराब पायी। उक्त प्रकरण में मुख्य चिकित्साधिकारी व सम्बन्धित अपर मुख्य चिकित्साधिकारी की जिम्मेदारी हैं कि वे उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का नियमित परीक्षण कर मरीजो को समय से अच्छा इलाज देने में सजगता बरतें। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित को अनुपस्थित डॉक्टर का वेतन रोकते हुये आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। इसके पश्चात् जिलाधिकारी द्वारा प्राथमिक विद्यालय, टांस का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि विद्यालय में कार्यरत 02 स0अ0 जयति चन्द्रा व स0अ0 नीलम चंचल अनुपस्थित रहीं। जिलाधिकारी ने उपस्थिति रजिस्टर की जॉच की तो पता चला स0अ0 जयति चन्द्रा 03 फरवरी, 2025 से सी0सी0एल0 पर हैं व स0अ0 नीलम चंचल को कैंसर होने के कारण 07 फरवरी, 2025 से चिकित्सा अवकाश पर हैं। जिलाधिकारी इस नाराजगी व्यक्त किया कि विगत 06 फरवरी से उक्त विद्यालय बिना किसी अध्यापक के संचालित हो रहा हैं व सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी ने उक्त विद्यालय में अध्यापन हेतु अन्य अध्यापक की वैकल्पिक व्यवस्था नहीं की और न ही इसकी सूचना जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दी। गरीब बच्चों के प्रति इस लापरवाही और अकर्मण्यता पर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित खण्ड शिक्षा अधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुये उनके विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करने के लिये सम्बन्धित को निर्देश दिये। इसके पश्चात् जिलाधिकारी ने रसोईया के मानदेय का भुगतान, एम0डी0एम0 पंजिका, एम0डी0एम0 ग्रहण करने वालों की संख्या, शुद्ध पेयजल व शौचालय का भी निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही हेतु सम्बन्धित को निर्देश दिये।

# वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान

कानपुर। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट कानपुर नगर एवं अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा अपराध की रोकथाम एवं वांछित/वारण्टी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस उपायुक्त जोन दक्षिण, अपर पुलिस उपायुक्त जोन दक्षिण कमिश्नरेट कानपुर नगर के कुशल निर्देशन व सहायक पुलिस आयुक्त घाटमपुर के कुशल पर्यवेक्षण में 12.02.2025 को मुखबिर खास द्वारा जुआ खेलने की सूचना पर थाना सजेती पुलिस द्वारा दबिश देकर 05 नफर अभियुक्तगण। वेदप्रकाश पुत्र स्व0 श्यामलाल निवासी ग्राम बम्हौरी थाना सजेती जनपद कानपुर नगर श्रीकान्त पुत्र स्व0 ग्याप्रसाद निवासी ग्राम चितौली थाना सजेती जिला कानपुर नगर,राजेन्द्र कुमार पुत्र श्री भिक्खू निवासी ग्राम बरीपाल थाना सजेती, सौरभ सचान पुत्र स्व0 दयाराम निवासी ग्राम पूसूपुर थाना सजेती, अमन कुमार पुत्र रामबाबू निवासी ग्राम पूसूपुर थाना सजेती कानपुर नगर को गिरफ्तार किया। अभियुक्तगण से 52 अदद ताश के पत्ते व माल फड 32000 रुपये व जामा तलाशी के 1100 रुपये व 01 अदद मोटर साइकिल यूपी 78 ई0ए0 1058 बरामद हुये। अभियुक्तगण के विरूद्ध मु0अ0सं0 62/25 धारा 13 जी एक्ट जुआ अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

चर्च की जमीन पर मिले 100 पहले नष्ट हुए मंदिर के अवशेष!

केरल के पलाय में कैथोलिक डायोसिस की जमीन पर एक पुराने मंदिर के अवशेष मिले हैं, जिसके बाद चर्च ने हिंदू भक्तों को देवप्रसन्नम (एक ज्योतिषीय अनुष्ठान) करने की अनुमति दी है, जिससे भगवान की इच्छा जानी जाती है. स्थानीय हिंदू संगठनों और चर्च के मुताबिक पिछले हफ्ते जब 1.8 एकड़ जमीन पर कसावा (टैपियोका) की खेती के लिए खुदाई की जा रही थी, तब शिवलिंग समेत मंदिर के अवशेष मिले. श्री वनदुर्गा भगवती मंदिर समिति के सदस्य विनोद केएस ने बताया, 'मंदिर के अवशेष 4 फरवरी को मिले थे लेकिन हमें इसकी जानकारी दो दिन बाद मिली, जब स्थानीय लोगों ने वहां जाकर दीप जलाए. इसके बाद हमने तुरंत पलाय बिशप हाउस के पादरियों से संपर्क किया. बातचीत के दौरान उन्होंने सकारात्मक रुख दिखाया और देवप्रसन्नम कराने की सहमति दी.'

# शहर के कब्रिस्तानों से अवैध कब्जा हटाने की मांग

बीपीएस न्यूज

कानपुर। कानपुर शहर की कब्रिस्तानों शहर कब्जा हटाने की मांग को लेकर सूफी संत मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के संयोजक ठाकुर राजा के नेतृत्व मे मंच के राष्ट्रीय सहसंयोजक मेहंदी हसन की अध्यक्षता में कानपुर जिलाधिकारी को ज्ञापन सोपा गया ज्ञापन के दौरान कहा कि कानपुर में कब्रिस्तान में अवैध कब्जे हटाए जाएं तथा मांग की गई अवैध कब्जे वाले आए दिन अशांति फ़ैलाते रहते हैं जिसे देखते हुए तुरंत कब्रिस्तानों से अवैध कब से हटाए जाएं आगे कहा कि बकरा मंडी कानपुर नगर में स्थित कब्रिस्तान एवं शहर के अन्य कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध निर्माण कर अतिक्रमण किए जाने की बात उल्लेखनीय की गई है जो समाज के लिए गंभीर एवं विकट समस्या जिस कारण रीति रिवाज के अनुसार शबे बरात कार्यक्रम में बाधा एवं अवरोध उत्पन्न हो गया है। ज्ञापन के दौरान मंच राष्ट्रीय सहसंयोजक मेहंदी हसन, कुमार दुबे दिलीप सिंह बागी शाकिर अली उस्मानी, सय्यद आलम महताब आलम एस तबरेज अली मोहम्मद अतीक चिंटू मोहम्मद हसीन काशिफ कुरैशी मोहम्मद मुर्तुजा साजिद अजय आरजू आदि लोग रहे।

# जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिव्यांगजनों को प्रमाण पत्र एवं DID कार्ड का किया गया वितरण

कानपुर। सम्पूर्ण समाधान दिवस, नरवल तहसील घाटमपुर मे जिला अधिकारी के निर्देशानुसार दिव्यांगजनों हेतु विशेष कैंप का आयोजन किया गया। जिसमे 65 दिव्यांग जनों के दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाकर दिए गए। जिसमें 5 दिव्यांग जनों के आय प्रमाण पत्र, 13 दिव्यांग जनों के राशन कार्ड, 8 दिव्यांग जनों के NPCI लिंक खाता, 3 दिव्यांग जनों के दिव्यांग पेंशन, 13 दिव्यांग जनों के उपकरण, 6 दिव्यांग जनों के आवास, 2 दिव्यांग जनों के ऋण, 2 बच्चों के स्पॉन्सरशिप योजना, 5 दिव्यांग जनों के पीएम किसान योजना आदि के फॉर्म कैंप मे ही निशुल्क भरे गये। जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी द्वारा कई दिव्यांगजनों को दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं DIDकार्ड का वितरण किया गया।

# मुख्य विकास अधिकारी द्वारा महाराजपुर में नव निर्मित 32 क्षमता के हॉस्टल एवं विवेचना कक्ष का किया गया निरीक्षण

कानपुर। मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन के द्वारा जनपद कानपुर नगर के थाना महाराजपुर में नव निर्मित 32 क्षमता के हॉस्टल/बैरक एवं विवेचना कक्ष का अधिशाषी अभियन्ता, निचली गंगा नहर, अधिशाषी अभियन्ता, विद्युत-प्रथम, द0वि0वि0नि0लि0 एवं पुलिस उपायुक्त- पूर्वी के द्वारा संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया गया। भूतल पर बने एप्रिन की नाली की निकासी सही नहीं बनी है, उसको सही करने के निर्देश दिये गये। जिन दरवाजों में जालियां लगायी गयी हैं, वह ढीली हैं, जिससे मच्छरों आदि के अन्दर आने की संभावना से इन्कार नहीं किया जा सकता है। जिन दरवाजों की जाली ढ़ीली हैं, उनको सही करवाने के निर्देश दिये गये। प्रथम तल के एक बाथरूम में सीलन आ रही है, कही-कहीं पर प्लास्टर मे दरादरापन हो रही है। निर्देश दिये गये कि बाथरूम में आ रही सीलन की रोक-थाम करायी जाय साथ ही साथ दीवारों तथा फर्श में जहां कहीं दरदरापनहै, उसका निवारण कराया जाय। बाल्कनियों की नालियों के डक्ट नहीं बने हुए हैं, उनको बनाने के निर्देश दिये गये। भवन के जल निकासी की ऐसी व्यवस्था रखी जाय ताकि परिसर में जल भराव की समस्या का सामना न करना पड़े। कतिपय स्थानों पर कुण्डी ढीली पायी गयी, उनको भी ठीक कराया जाय। सी0 एण्ड डी0एस0 कार्यदायी संस्था के उपस्थित अधिशाषी अभियन्ता द्वारा आश्वान दिया गया कि निरीक्षण के दौरान पायी गयी सभी कमियों को उनके द्वारा 20 दिनों के अन्दर दूर करा लिया जायेगा। कार्यदायी संस्था, सी0 एण्ड डी0एस0 के अधिशाषी अभियन्ता को निर्देश दिये गये कि निरीक्षण के दौरान पायी गयी सभी कमियों का समुचित तरीके से निदान करा कर 20 दिनों के अन्दर समिति को अवगत कराना सुनिश्चित करें ताकि समिति द्वारा पुनः निरीक्षण किया जा सके।

# अतिक्रमण और यातायात संबंधी समस्या को लेकर पुलिस उपायुक्त यातायात ने गेस्ट हाउस एवं रिजोर्ट्स स्वामीयो/प्रबंधकों के साथ की बैठक

बीपीएस न्यूज

कानपुर। पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार द्वारा कानपुर नगर के विभिन्न गेस्ट हाउस, फार्म हाउस एवं अन्य विवाह कार्यक्रम स्थलों के प्रबंधकों और संचालनकर्ताओं के साथ कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

इस बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर में यातायात को सुचारु बनाए रखना तथा कार्यक्रम स्थलों के पास जाम की स्थिति को रोकने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करना था।

बैठक में पुलिस उपायुक्त ने सभी प्रबंधकों को निर्देशित किया कि वे अपने स्तर पर ट्रैफिक गाइड नियुक्त करें, जो कार्यक्रम स्थल के पास यातायात को नियंत्रित करने में सहायक हों। इसके अलावा, यह भी निर्देश दिया गया कि कार्यक्रम स्थलों के आसपास सड़क पर अतिक्रमण न होने दिया जाए तथा पार्किंग की उचित व्यवस्था की जाए ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था न फैले।

बैठक में यह भी चर्चा की गई कि आयोजन स्थलों पर प्रवेश और निकासी मार्गों को व्यवस्थित रखा जाए, जिससे आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो और यातायात प्रभावित न हो। यातायात पुलिस की ओर से भी इस दिशा में उचित सहयोग प्रदान किया जाएगा। यदि किसी कार्यक्रम स्थल पर यातायात संबंधी समस्या उत्पन्न होती है, तो आयोजनकर्ताओं को तुरंत यातायात नियंत्रण कक्ष को सूचित करना चाहिए, ताकि त्वरित समाधान निकाला जा सके।

सभी आयोजन स्थलों के प्रबंधकों ने पुलिस उपायुक्त के निर्देशों को गंभीरता से लेने का आश्वासन दिया तथा यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में पूर्ण सहयोग देने की प्रतिबद्धता जताई।

# उन्नाव के शुक्लागंज में तिलक समारोह में हर्ष फायरिंग: युवक की गई जान

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली के राजुवाखेड़ा गांव में तिलक समारोह के दौरान तमंचे से हुई हर्ष फायरिंग में कन्या पक्ष से आए युवक के गोली धंस गई। लहूलुहान हालत में उसे लोग लेकर कानपुर के काशीराम अस्पताल पहुंचे। जहां जांच के बाद डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। लेकिन इसी दौरान फायरिंग करने वाला युवक मौके से भाग निकला। वहीं घटना के बाद लोग इधर उधर हो गए और कार्यक्रम स्थल पर सन्नाटा पसर गया। सफीपुर कोतवाली के परियर चौकी क्षेत्र के धोबिन पुरवा निवासी विष्णु और जगदीश ने अपनी बेटियों की शादी गंगाघाट कोतवाली के रजवा खेड़ा गांव निवासी डोरीलाल के बेटो विजय और सुनील से तय थी। दोनों भाइयों का रविवार को एक साथ तिलक समारोह था। तभी रात करीब 9 बजे डोरीलाल के रिश्तेदार का बेटा जीतू वहां पहुंचा और देसी तमंचे से फायर करने लगा। इसी दौरान एक गोली कन्या पक्ष से आए गंगाघाट



कोतवाली के पिपरी खेड़ रवि (25) के सीने में धंस गई। इससे वह लहूलुहान होकर गिर गया। गंभीर हालत में परिजन उसे लेकर कानपुर के काशीराम अस्पताल पहुंचे।। जहां डॉक्टरों के इलाज शुरू करने से पहले अधिक रक्तस्राव से उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस पहुंची और जांच की। लेकिन तब तक आरोपी मौके से भाग निकला। हादसे के बाद से खुशियों का माहौल मातम में बदल गया।

# *भड़के दो समुदाय के लोग, माहौल बिगड़ते बचा; होलिका दहन के रास्ते में मजार को लेकर विवाद*

कानपुर। घाटमपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत पतारा विकासखंड के गिरसी ग्राम पंचायत में होली जलाने को लेकर दो समुदायों के बीच विवाद हो गया। इस दौरान माहौल बिगड़ने से बच गया। सूचना पाकर पहुंची रेवना पुलिस ने दोनों समुदायों के बीच बातचीत कर हल निकालने की बात कही है। रेउना थानाक्षेत्र के गिरसी ग्राम में नबीपुर रोड पर ग्राम समाज की भूमि पर बनी सफी बाबा की मजार का ग्राम प्रधान अशोक यादव के द्वारा उसमें सुंदरीकरण कराया जा रहा है। जिसमें इंटरलॉकिंग, बॉडी आदि कार्य कराया जा रहा है। मजार में बाउंड्री बनाये जाने का विरोध हिंदू पक्ष के लोगों ने किया। बताया गया की 50 वर्ष से जीएस की जगह पर होलिका दहन होता चला रहा है। जो मजार के ठीक पीछे है। मजार में बॉडी हो जाने से होलिका दहन व ठीक पीछे बने पक्के तालाब में लोग मवेशियों को पानी आदि प्रयोग के लिए कैसे जाएंगे और होली जलाने के लिए लोग कहां से निकलेंगे। मुस्लिम समुदाय के लोगों का कहना था कि मजार का सुंदरीकरण हो जाने दे और होलिका दहन के लिए जाने की नई रास्ता बना ली जाएगी।

# जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने सभी से सावधानी पूर्वक इंटरनेट इस्तेमाल करने को कहा

बीपीएस न्यूज

कानपुर। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में साथ मिलकर एक बेहतर इंटरनेट के लिए थीम पर आधारित 'सुरक्षित इंटरनेट दिवस' मनाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित अन्य लोगों से सुझाव मांगते हुए सभी से सावधानी पूर्वक इंटरनेट इस्तेमाल करने की अपील की। उन्होंने कहा कि इंटरनेट चलाते समय यह चेक कर लेना चाहिए कि साइट ऑथेंटिक है कि नहीं है। अपनी व्यक्तिगत जानकारियां फेसबुक या अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अनावश्यक शेयर ना करें। कोई भी लिंक आ गया है तो सबसे पहले उसका डोमेन चेक करें। फर्जी साइट से बचने का प्रयास करें कोई भी एसएमएस लिंक आते हैं, तो उसे क्लिक करके खोलने से पहले उसकी जांच पड़ताल कर लें। इसके अलावा उन्होंने इंटरनेट चलाते समय आम जनमानस व वहां उपस्थित लोगों से अन्य महत्वपूर्ण सावधानियां भी बरतने की अपील की।

# माघी पूर्णिमा के अवसर जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने लगाई गंगा में आस्था की डुबकी

कानपुर। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने माघी पूर्णिमा के अवसर पर सरसैया घाट में अपनी बड़ी बहन सुनीता सिंह व अन्य पारिवारिक जनों के साथ गंगा में आस्था की डुबकी लगाई।

स्नान उपरांत उन्होंने कहा कि ऐसी मान्यता है कि माघी पूर्णिमा के दिन देवता भी स्नान करने आते हैं, इस दिन 'दान' का भी बहुत महत्व होता है। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने सरसैया घाट में स्नान करने आए लोगों के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। किसी को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए उन्होंने संबंधित को आवश्यक दिशा - निर्देश भी दिए।



# नीलिमा कटियार विधायिका ने किया भगवान बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण

बीपीएस न्यूज

कानपुर। अंबेडकरपुरम आवास विकास -3 में डॉ. भीमराव अंबेडकर सामाजिक विकास समिति द्वारा बुद्ध विहार एवं विपश्यना केंद्र में भगवान बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण के अवसर पर सम्मान समारोह एवं मैत्री भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परम पूज्य भदत दीपांकर महास्थविर तथा विशिष्ट अतिथि विधायिका कल्याणपुर नीलिमा कटियार ने भगवान बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण किया एवं भगवान बुद्ध के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही तथा परम पूज्य गुरु रविदास की जयंती के अवसर पर उनकी पूजन अर्चना की। कार्यक्रम में बहुत उत्साह के साथ जनता ने अपना प्रतिभाग दिया एवं मैत्री भोज को ग्रहण किया कार्यक्रम की अध्यक्षता चंद्रभान चौधरी, महामंत्री प्रशांत कुमार बौद्ध, कोषाध्यक्ष सुशील कुमार सिंह, पार्षद रामनारायण गौतम, अनूप बाजपेई, आर. अल. कुरील, कैलाश बाबू, राम आसरे, के.एन. सोनकर, प्रेमलाल, कार्यक्रम संयोजक विनोद कनौजिया, मनोज कनौजिया, आराधना कनौजिया, रजत कुमार, बलवंत सिंह, आदि उपस्थित रहे।

# नो एंट्री की समस्या को लेकर एडीसीपी यातायात अर्चना सिंह से मिले मार्बल टाइल्स व्यापारी

## एडीसीपी ने दिया आश्वासन किसी भी व्यापारी का नुकसान नहीं होने दिया जाएगा

बीपीएस न्यूज

कानपुर। उत्तर प्रदेश मार्बल्स टाइल्स व्यापारी बोल्ड ट्रस्ट रजि मार्बल टाइल्स के व्यापारियों का प्रतिनिधि मंडल एडीसीपी अर्चना सिंह ट्रैफिक विभाग कानपुर नगर से भेंट कर ज्ञापन दिया। प्रदेश मुख्य संरक्षक अनूप तिवारी प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार गौड़ के नेतृत्व में सभी व्यापारी एक साथ ज्ञापन देने पहुंचे मार्बल टाइल के व्यापारियों को हो रही समस्याओं के बारे में जानकारी दी गई। एडीसीपी अर्चना सिंह ने व्यापारियों को आश्वासन दिया कि किसी भी व्यापारी का नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। आप लोग अच्छे तरीके से व्यापार करें, बहुत जल्दी कोई ना कोई रास्ता निकाला जाएगा। प्रशासन से जो मदद होगी वह मदद व्यापारियों की जाएगीप्रदेश चेयरमैन अशोक शुक्ला, वरिष्ठ व्यापारी आशुतोष दीक्षित, आलोक गुप्ता, पीयूष दाधीच, मोहम्मद कैफ, मोहम्मद जावेद आदि व्यापारी उपस्थित रहे।

# भाजपा सरकार महंगाई, मिलावट रोकने में हो रही असफल : हाजी फजल महमूद

बीपीएस न्यूज

कानपुर। महान संत रविदास जी के 575 वे जन्म दिवस पर समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर पांचो विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्षो वार्ड अध्यक्षों फ्रंटल संगठनो पीडीए मिशन की टीम का समता संस्कार सहयोग सेमिनार सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद की अध्यक्षता में दिन में 3-00 बजे से सपा कार्यालय 7 नवीन मार्केट में आरंभ हुआ।

सेमिनार का संचालन महानगर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू ने किया। सेमिनार को संबोधित करते हुए सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने महान संत रविदास के जन्म दिवस पर संबोधित करते हुए कहा कि महान संत रविदास जी का जन्म सन 1450 ईस्वी में वाराणसी में हुआ था। उनके पिता का नाम संतोष दास तथा माता का नाम कलसा देवी था इन्होंने समाज को समता भाव तथा संस्कार तथा सहयोग करने की प्रेरणा दी और कहा कि समाज में सेवा करने से प्रेम बढ़ेगा तथा भेदभाव खत्म होगा। इससे सभी प्रगति करेंगे और आगे बढ़कर नाम रोशन करेंगे। सेमिनार में सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद प्रदेश सचिव के के शुक्ला महासचिव बंटी सिंह सेंगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू. हाजी एहसान खान आनंद शुक्ला महेंद्र सिंह बड़े ठाकुर सत्यनारायण गहरवार फखरे आलम अंसारी विनय गुप्ता दीपक खोटे अरमान खान के के मिश्रा इंद्रदेव यादव हरभजन यादव राजेश गौड़ आसिफ खान सौरभ सिंह राजेंद्र जैसवाल रामशरण प्रजापति सुधाकर सैनी सुनील यादव कमल यादव पन्नालाल कठेरिया राजकुमार निषाद नरेंद्र सैनी प्रवीण मिश्रा आनंद अंबेडकर बाबी कनौजिया अवधेश चंद्र यादव प्रियांशु जाटव आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# दिव्यांगजनों को आत्म निर्भर बनाने का काम कर रही सरकार: सुरेन्द्र मैथानी

## दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग ने विधायक सुरेन्द्र मैथानी के माध्यम से दिव्यांगजन को वितरित किया निःशुल्क सहायक उपकरण

बीपीएस न्यूज

कानपुर। दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण योजना के अन्तर्गत दिव्यांगजन को उनकी आवश्यकतानुसार उपकरण दिये जाने हेतु सेवायोजन कार्यालय परिसर, कानपुर मे कैम्प का आयोजन किया गया जिसमे विधायक गोविन्द नगर सुरेन्द्र मैथानी व नीरज बाजपेयी पार्षद सर्वोदय नगर के द्वारा 80 दिव्यांगजन को ट्रायसाकिल, 02 दिव्यांगजन को व्हीलचेयर, 05 दिव्यांगजन को स्मार्ट केन आदि सहायक उपकरण का वितरण करने के साथ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के सामान्य निर्वाचन-2024 मे दिये गये दायित्व के निर्वहन मे उल्लेखनीय, उत्कृष्ठ कार्य करने वाले 20 व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। जिसमें समाजसेवी वीरेन्द्र कुमार, अल्पना कुमारी, हृदेश सिंह, इन्द्रजीत सिंह, सत्यम, देवेन्द्र शुक्ला, अनुपम प्रकाश, दीपक कनौजिया, राहुल कुमार, प्रशान्त कुमार, मृदुल रावत आदि शामिल थे। विधायक सुरेन्द्र मैथानी ने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के प्रति संवेदनशील है। कृत्रिम अंग सहायक उपकरण वितरित कर दिव्यांगजनों को आत्म निर्भर बनाने का काम सरकार कर रही है। कार्यक्रम में उज्जवल कुमार सिंह, सहायक निदेशक, सेवायोजन कानपुर मण्डल कानपुर, विनय उत्तम, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी कानपुर नगर, वीरेन्द्र कुमार, हृदेश सिंह एवं जिला कार्यालय के स्टाफ प्रशान्त कुमार, वरिष्ठ सहायक, मृदुल रावत, गोविन्द मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# कानपुर जिलाधिकारी ने बिरहाना रोड स्थित केपीएम अस्पताल का किया औचक निरीक्षण, जहाँ फर्जी अभिलेख तैयार मिले

## जो आप लोग कर रहे है, वो आग में कूदने वाला काम है-न शर्म है न भय है: जिलाधिकारी कानपुर



बीपीएस न्यूज

कानपुर। शासन के निर्देश में अर्बन एवं रूरल पीएचसी में आरोग्य मेला आयोजित किए जाने के निर्देश के क्रम में जनपद में आरोग्य मेले को आयोजित किया जा रहा है।

जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा बिरहाना रोड पटकापुर स्थित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का सुबह 10:30 पर औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया की ड्यूटी में उपस्थित डॉ दीप्ति गुप्ता द्वारा फर्जी अभिलेख तैयार करते हुए मरीजों के नाम रजिस्टर में दर्ज किए गए थे। पुस्टि करने के लिए जिलाधिकारी द्वारा एक मरीज से फोन पर बात की गई की क्या आप आज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आए थे। उस व्यक्ति के द्वारा बताया गया कि वह कभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गया ही नहीं।

इस पर जिलाधिकारी द्वारा डॉक्टर दीप्ति से उनके द्वारा फर्जी तरीके से अभिलेखों में नाम दर्ज करने के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तो उनके द्वारा बताया गया कि उन्होंने फर्जी तरीके से नाम दर्ज किए हैं। इसके संबंध में जिलाधिकारी ने संबंधित डॉक्टर दीप्ति के खिलाफ कार्यवाही किए जाने के निर्देश उपस्थित प्रभारी अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को दिए। साथ ही पर्यवेक्षक अधिकारियों की भी जिम्मेदारी तय करते हुए उनके खिलाफ भी कार्यवाही किए जाने हेतु शासन को पत्र प्रेषित किए जाने के निर्देश दिए।

# सनी टोयोटा ने न्यू कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक कार का किया उद्घाटन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। सनी टोयोटा रूमा कानपुर शोरूम में न्यू टोयोटा कैमरी हाइब्रिड का अनावरण ऑर्थो सर्जन डॉक्टर पवन गुप्ता एवम् सरोज गुप्ता द्वारा किया गया। पर्यावरण के संतुलन के लिए कार्बन न्यूट्रल लक्ष्यों को साकार करने की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए टोयोटा ने अपनी नई कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहन को पांचवी पीढ़ी के हाइब्रिड टेक्नोलॉजी के साथ लॉन्च किया है जो काफी उन्नत तकनीति से लैस है। यह नया मॉडल अत्याधुनिक सुरक्षा मनको, बेहतरीन एक्सटेरियर एवं इंटीरियर डिजाइन के साथ बेहतर परफॉरमेंस प्रदान करेगा।यह 2.5 ली0 ई-सी वी टी पेट्रोल इंजन के साथ हाइब्रिड टेक्नोलॉजी में 230 पी एस पावर एवं 221 एन एम का टॉर्क 3200 आर. पी. एम पर प्रदान करता है जो की हाइब्रिड सिस्टम के कारण 25.49 किमी/लीटर का सर्वोत्तम माइलेज प्रदान करेगा। इसमें सुरक्षा के लिए 9 एयरबैग एवं टोयोटा के नवीनतम सेफ्टी सेन्स 3.0 के सभी सुरक्षा फीचर्स भी उपलब्ध है। अत्याधुनिक टेलीमैटिक्स के साथ 12.3 इंच का मल्टीमीडिया सिस्टम उत्कृस्ट टेक्नोलॉजी का उदहारण है। यह पूरे भारत में एक समान एक्स-शोरूम कीमत 48,00,000/- रुपये में उपलब्ध होगी। आल न्यू कैमरी हाइब्रिड इलेक्ट्रिक व्हीकल की हाइब्रिड बैटरी 8 साल या 160,000 किलोमीटर की वारंटी के साथ आती है। वाहन की बुकिंग शुरू हो गई है।

# हैलट अस्पताल में भिड़े जूनियर रेजिडेंट ऑपरेशन थिएटर खाली कराने को लेकर हुआ विवाद, जांच के निर्देश



कानपुर।हैलटमेंओटी (ऑपरेशन थिएटर) खाली कराने को लेकर जेआर (जूनियर रेजिडेंट) आपस में भिड़ गए। एक दूसरे को खींचने और पकड़ने से बात आगे बढ़कर नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। हंगामे की सूचना पर विभागाध्यक्ष भी पहुंचे और विवाद शांत कराने का प्रयास किया। मेडिकल कॉलेज प्राचार्य ने घटना की जांच कराने के निर्देश दिए हैं। हैलट में शनिवार को ओटी में हड्डी रोग के जेआर ऑपरेशन कर रहे थे। इसी दौरान वहां पर सर्जरी विभाग के जेआर भी पहुंच गए। ओटी खाली कराने को लेकर दोनों विभाग के जेआर में विवाद के बाद मारपीट होते बची। सूचना पाकर दोनों विभागों सीनियर डॉक्टर मौके पर पहुंचे। लेकिन विवाद नहीं थमा। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय काला ने पहुंच कर मामला शांत कराया। उन्होंने बताया कि मामले की जांच के लिए कमेटी बनाई जाएगी। दोषी दंडित होंगे।

# प्रेमिका के पिता ने पीटा तो युवक ने लगाई फांसी, पहले प्रेमी ने भी की थी आत्महत्या, परिजन बोले- सुसाइड के लिए उकसाया

बीपीएस न्यूज

कानपुर। तुमसे बातचीत करते पिता ने पकड़ लिया है। उन्हें सब पता चला गया है। अब बात नहीं कर पाऊंगी। पिता को रुपये देकर उनका मुंह बंद करना पड़ेगा। प्रेमिका की यह बातें सुनकर युवक मिलने पहुंचा तो उसके पिता ने पीट दिया।पीड़ित पिता ने युवती व उसके परिजनों पर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाते जूही थाने में तहरीर दी है। टीपीनगर मिलिट्री कैंप निवासी 27 वर्षीय मोनू सविता वाहन चालक के साथ समय मिलने पर अन्य काम भी कर लेता था। उसके पिता लक्ष्मण व भाई राहुल ने बताया कि मोनू का क्षेत्र की एक युवती से प्रेम संबंद्ध था। करीब दो माह से दोनों बातचीत कर रहे थे। इसकी जानकारी परिजनों को नहीं थी। शनिवार को फोन पर बातचीत के बाद मोनू युवती से मिलने गया, जहां उसके पिता ने उससे मारपीट की। राहुल के अनुसार जानकारी होने पर वह उसे लेकर आए और कमरे में बंद कर दिया। रात करीब 11 बजे जब खाना खाने के लिए बुलाने गए तो मोनू का शव फंदे से लटका मिला। लक्ष्मण ने बताया उनके तीन बेटों में एक बचा है। एक की पहले ही कैंसर से मौत हो चुकी है। उन्होंने बताया कि बेटे का जिस युवती से संबंद्ध था, उसका मोहल्ले के ही रहने वाले मोनू यादव से प्रेम प्रसंग चलता था। मोनू ने उस पर खुब पैसा खर्च किया, बाद में युवती ने उससे रिश्ता खत्म किया तो उसने जहर खाकर जान दे दी थी। उसने उनके बेटे को कब फंसा लिया यह नहीं पता चला। शनिवार देर शाम दोनों एक खंडहर में रंगेहाथ पकड़े गए। इसके बाद उसके पिता ने मोनू को पीटा और बेइज्जल करने पर उसने जान दे दी। मृतक के पिता ने बताया कि मोनू से उस लड़की ने पैसे की डिमांड की थी। बात न करने की धमकी दी। परिजनों ने मोनू का मोबाइल लास्ट कॉल की जांच के लिए पुलिस को सौंपा है। कहा, पुलिस को तहरीर दी है। युपती और उसके पिता के खिलाफ कार्रवाई कराएंगे। जूही थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पिता का आरोप है कि जूही पुलिस केस को दबाना चाहती है।

# अतिक्रमण हटाने हेतु प्रशासन कस लें कमर : जिलाधिकारी

बीपीएस न्यूज

कानपुर। जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में नगर के कैंटोनमेंट क्षेत्र में अतिक्रमण हटवाने के संबंध में बैठक की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए की अप्रैल माह में कैंटोनमेंट क्षेत्र में अवैध निर्माण करने वालों को चिन्हित करके उन्हें हटवाने की कार्रवाई की जाएगी, जिससे माननीय न्यायालय के आदेश का परिपालन भी सुनिश्चित हो सकेगा। गौरतलब है कि मा. उच्च न्यायालय इलाहाबाद व सर्वोच्च न्यायालय ने हाल ही में नगर के कैंटोनमेंट क्षेत्र में हुए अतिक्रमण और अवैध निर्माण को हटाने के आदेश दिए थे जिसके परिपालन में बैठक बुलाई गई थी।जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि अतिक्रमण हटाने हेतु प्रशासन अभी से कमर कस लें, जिससे अप्रैल माह में हर हाल में अतिक्रमण हटाया जा सके। उन्होंने फीलखाना थाने के अंतर्गत भी हुए अतिक्रमण व अवैध निर्माण करने वालों को चिन्हित कर तथा उनके रहने की वैकल्पिक व्यवस्था की पहचान करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि अतिक्रमण व अवैध निर्माण हट जाने से आम जनमानस को आवागमन की सुविधा के साथ-साथ अन्य बेहतर सुविधाएं प्राप्त होने और माननीय उच्च न्यायालय व सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का पालन भी सुनिश्चित हो सकेगा।

# राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी ने सरकार की निकाली अस्थि कलश यात्रा

## 24 को मुख्यमंत्री कार्यालय लोक भवन में ताला डालने की चेतावनी

## नौकरी रोजगार स्वास्थ शिक्षा सुरक्षा की सौ फीसदी गारंटी व पेंशन पांच हजार रुपए मासिक करने की हों रही मांग

बीपीएस न्यूज

कानपुर। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व दिव्यांग महागठबन्धन के महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने सरकार की उपेक्षा से क्षुब्ध होकर शास्त्री नगर सेन्ट्रल पार्क बगिया से प्रयागराज के लिए सरकार की अस्थि कलश यात्रा निकाली ?।वीरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में दिव्यांगजन भाजपा प्रदेश कार्यालय व राज्यपाल आवास का घेराव कर चुके हैं।

मुख्य सचिव व राज्यपाल के सचिव से प्रशासन वार्ता करवा चुका है। लेकिन दिव्यांगजनों को अभी तक न्याय नहीं मिला है।सरकार लेखपाल व मुख्य सेविका अभ्यर्थियों को नौकरी व दिव्यांगजनों के नौकरी रोजगार स्वास्थ्य शिक्षा सुरक्षा की सौ फीसदी गारंटी व पेंशन पांच हजार रुपए मासिक करने की मांग पुरी नहीं कर रही है। जिससे क्षुब्ध होकर राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व दिव्यांग महागठबन्धन के महासचिव वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सरकार नाम की कोई चीज नहीं है। दिव्यांगों को उनका हक और अधिकार नहीं मिल रहा है। यूपी तृपल एससी आयोग दिव्यांग कोटे के मुख्य सेविका अभ्यर्थियों को प्री व मेन्स परीक्षा लेने के बाद नाट क्वालिफाई व लेखपाल अभ्यर्थियों को दस्तावेजों का सत्यापन करने के बाद अक्षम बता कर नियुक्ति प्रक्रिया से बाहर कर दिया है।

प्रदेश अध्यक्ष अध्यक्ष व प्रवक्ता आनंद तिवारी ने कहा कि सरकार हमें हल्के में ना लें वरना परिणाम गम्भीर होंगे। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी व दिव्यांग महागठबन्धन दिव्यांगजनों के हक व अधिकार दिलाने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है।जिला अध्यक्ष राहुल कुमार ने कहा कि अभी संघर्ष कि शुरुआत है। ट्रेलर आज जारी हुआ है पिक्चर अभी बाकी है। लेखपाल व मुख्य सेविका अभ्यर्थियों को नौकरी न मिली तो सरकार को उखाड़ फेकेगे।आज के आन्दोलन में राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व दिव्यांग महागठबन्धन के महासचिव वीरेन्द्र कुमार, प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी, जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, अल्पना कुमारी, अशोक कुमार, राजेश शुक्ला, गुड्डी दीक्षित, नागेन्द्र, गौरव कुमार, वैभव दीक्षित, रंजीत कुमार, गोमती वर्मा, राम जानकी, कृष्ण कुमार अवस्थी, अनुराधा गुप्ता आदि शामिल थे।


विज्ञापन कार्यालय-130/ 4 - बाबू पुरवा कॉलोनी, किदवई नगर, कानपुर

नवीन गुप्ता (विज्ञापन प्रतिनिधि)



बीपीएस न्यूज समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) में विज्ञापन लगवाने के लिए संपर्क करें। मो. 9839625941








बी पी एस न्यूज हिन्दी साप्ताहिक

मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502 , व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।